वर्ष : 33 ▸ अंक : 290 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 5 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस

P8 हवा की सुस्त रफ्तार से फिर दमघोटू हुई दिल्ली की हवा

# लाडकी बहिन योजना पर मचा सियासी संग्राम



## मापदंड लागू करके लाडली बहनों का नाम सूची से हटाना बेईमानी: कांग्रेस



### संजय राउत बोले- बहनों के वोट वापिस दो

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र की महायुति सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाडली बहन' योजना अब विवादों में घिरने लगी है। लाडली बहनों (लाभार्थी महिलाओं) के वोट की बदौलत चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद अब सरकार लाभार्थी महिलाओं की पात्रता की फिर से जांच करने जा रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार ने लाडली बहनों की पात्रता के लिए 5 शर्तें निर्धारित की हैं। इन मापदंडों पर खरा नहीं उतरने



वाली महिलाओं का आवेदन खारिज कर दिया जाएगा तथा बहनों को दिया गया पैसा वापस लेने की बात भी कही जा रही है। इस पर विपक्ष भड़क गया है।

### ये है स्क्रीनिंग मानदंड!

सरकार ने आधार कार्ड पर अलग नाम और बैंक में अलग नाम वाले आवेदनों का दोबारा सत्यापन करने का निर्णय लिया जाएग। केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद आधार कार्ड की ई-केवाईसी करके आवेदनों को सत्यापित किया जाएगा। सरकारी रोजगार में रहते हुए लाभ प्राप्त करने वाली तथा ढाई लाख से अधिक आमदनी वाली महिलाओं के आवेदन रद्द किए जाएंगे। लाभार्थी महिलाओं के पास 2 हेक्टेयर, (5 एकड़) से ज्यादा जमीन नहीं होनी चाहिए, इसी तरह सरकार की दूसरी योजनाओं मसलन 'नमो शेतकरी योजना' का लाभ लेनेवाली लाभार्थी महिलाओं के आवेदन पर पुनर्विचार किया जाएगा। तो वहीं जिन महिला लाभार्थियों के पास चार पहिया वाहन हैं, उन्हें भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य सरकार ने आयकर विभाग से जानकारी मांगी है। तदनुसार आवेदनों की जांच की जाएगी।

### 2 करोड़ 34 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गेम चेंजर साबित हुई मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण (लाडली बहन) योजना के लिए राज्य से कुल 2 करोड़ 63 लाख महिलाओं ने आवेदन किए थे। इनमें से 2 करोड़ 34 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला था। लेकिन आधार सीडिंग नहीं होने के कारण कई महिलाएं लाभ से वंचित रह गई थीं। बाद में आधार सीडिंग करने वाली 12 लाख 67 हजार महिलाओं को भी पहले पांच महीने का एकमुश्त पैसा दे दिया गया।

### निर्णय में कोई बदलाव नहीं : तटकरे



महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना के निर्णय में सरकार ने कोई बदलाव नहीं किया है। लेकिन शिकायतों के आधार पर आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को लाभार्थी के रूप में अपना नाम स्वयं वापस ले लेना चाहिए। अन्य महिलाओं के मामले में उन्हें अब तक मिला लाभ किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा।

### नाम हटाना बेईमानी : वडेट्टीवार

कांग्रेस नेता व विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को लाडली बहन बनाकर पैसे दिए गए। उस समय कोई मापदंड नहीं थे, क्योंकि तब स्वार्थी महायुति सत्ता के लिए वोट पाना चाहती थी। अब मापदंड लागू करके लाडली बहनों का नाम सूची से हटाना बेईमानी है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने कहा कि अन्य योजनाओं की महिला लाभार्थियों को बाहर रखा जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि लाडली बहन योजना सिर्फ वोटों के लिए थी।

### यह एक बड़ा घोटाला है : राउत

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि सरकार कहती है कि हम लाडली बहनों के वजह से जीते हैं। लेकिन अब आप उनसे पैसे वापस लेने की तैयारी कर रहे हैं तो उनके वोट भी वापस लौटाओ। ये मामला बेहद गंभीर है। यह एक बड़ा घोटाला है। चुनाव जीतने के लिए ऐसा किया गया। यह योजना भविष्य में भी जारी रहेगी इसमें संदेह है।



# भभूति के लिए भगदड़

## ■ धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में भगदड़ जैसे हालात

### कई महिलाओं की बिगड़ी तबीयत

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

महाराष्ट्र के भिवंडी में शनिवार को बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र शास्त्री के सत्संग में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। भीड़ में फंसने के कारण कई महिलाओं की तबीयत खराब हो गई, ज्यादातर महिलाओं को सांस लेने में परेशानी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात को काबू में किया। दरअसल, धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों को भभूति लेने के लिए बुलाया था। इसके बाद भीड़ मंच की ओर बढ़ने लगी और भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। भिवंडी के मानोली नाके के पास इंडियन ऑयल कंपनी में बागेश्वर धाम महाराज के सत्संग का आयोजन किया गया। धीरेंद्र शास्त्री को बाबा बागेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को कथा सुनाई। कार्यक्रम के बाद उन्होंने सभी को भभूति देने का ऐलान किया और कहा कि इसके लिए पहले एक-एक करके पहले महिलाएं और फिर उसके बाद पुरुष आएं।

### भभूति लेने के लिए मंच की ओर बढ़ने लगी भीड़

भभूति लेने के लिए पहले महिलाओं ने और उसके बाद पुरुषों ने लाइन लगाई। हालांकि भभूति लेने के लिए एक साथ सभी लोग मंच की ओर बढ़ने लगे और देखते ही देखते भीड़ इतनी बढ़ गई कि नियंत्रण से बाहर हो गई। हर कोई भभूति पा लेना चाहता था और इसी के लिए आगे बढ़ रहा था। इसी के चलते यह हालात पैदा हो गए।

### महिलाओं को सांस लेने में परेशानी की शिकायत

इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें भारी भीड़ नजर आ रही है। भीड़ के दबाव से लोग एक ओर से दूसरी ओर खिंचे चले जा रहे हैं। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ बाउंसर लोगों की मदद करते हैं और लोगों को खींचकर उन्हें मंच पर बिठा लेते हैं। भीड़ में फंसने के कारण कई महिलाओं को सांस लेने में परेशानी हुई और उन्हें स्टेज पर एक ओर बिठा दिया गया।

### भीड़ को बढ़ता देख उठकर चले गए धीरेंद्र शास्त्री

भीड़ को बढ़ता देखकर के धीरेंद्र शास्त्री मंच पर से उठकर के चले गए। इसके बाद भी लोग एक के बाद एक मंच पर चढ़ने लगे, जिससे वहां पर माजूद पुलिस ने लोगों को हटाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को नियंत्रित किया। फिलहाल इस घटना में किसी की हताहत होने की जानकारी नहीं है।

# नहीं रहे पोखरण परमाणु परीक्षण के नायक

### साइंटिस्ट डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन



- पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित
- 1998 के पोखरण परमाणु टेस्ट में लीड किया

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भारत के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का शनिवार(4 जनवरी) के तड़के निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। परमाणु ऊर्जा विभाग (Department of Atomic Energy) के अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मुंबई के जसलोक अस्पताल में 3:20 बजे अंतिम सांस ली। डॉ. चिदंबरम, जिन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार में खड़ा किया, के जाने से देश ने एक महान वैज्ञानिक को खो दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त की संवेदना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा, 'डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से गहरा दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरा देश कृतज्ञता के साथ उन्हें हमेशा याद रखेगा।'

### पोखरण परमाणु परीक्षण के नायक

डॉ. राजगोपाला चिदंबरम की भूमिका भारत के परमाणु कार्यक्रम में बेहद अहम रही। 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण में उनका सक्रिय योगदान था। वहीं, 1998 के पोखरण परीक्षण (Pokhran Test 2) में उन्होंने वैज्ञानिकों की टीम का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत के वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व ने भारत को आत्मनिर्भर परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया।

### पद्म विभूषण से सम्मानित

डॉ. चिदंबरम को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के निदेशक के रूप में 1990 में कार्यभार संभाला और 1993 में परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष बने। इस पद पर वे 2000 तक रहे। उनके योगदान ने भारत के वैज्ञानिक और कूटनीतिक ताकत को नई ऊंचाई दी।

## संतोष देशमुख हत्याकांड

# राजनीति गरमाई, शुरू हुई कार्रवाई

- परभणी में निकला सर्वदलीय मार्च, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की उठी मांग
- तीन फरार आरोपी गिरफ्तार, कल्याण में छुपा था आरोपियों का खबरी



**मुनीब चौरसिया । बीड/मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड के मस्साजोग गांव में सरपंच संतोष देशमुख की मौत के बाद राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। सरपंच हत्याकांड मामले में न्याय की मांग करते हुए लगातार आंदोलन, प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परभणी शहर में सर्वदलीय मार्च निकालकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। अब विपक्ष के नेता 6 जनवरी को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे और इस मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ धनंजय मुंडे की मंत्री पद से बर्खास्तगी की मांग करेंगे।

### सत्ता पक्ष ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

जहां विपक्ष इस हत्याकांड को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है, वहीं अब सत्ता पक्ष ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिवसेना (शिंदे) नेता एवं पूर्व सांसद गजानन कीर्तिकर ने बीड से विधायक और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे और उनकी चचेरी बहन पंकजा मुंडे का इस्तीफा मांगा है। कीर्तिकर ने कहा कि जब सरपंच की हत्या के मामले में मुंडे पर इस हत्याकांड के आरोपियों से करीबी होने के आरोप लग रहे हैं तो स्वतंत्र जांच के लिए मुंडे भाई-बहन को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### लोकेशन देनेवाले भी गिरफ्तार

मस्साजोग सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण करने के पहले आरोपी को लोकेशन देनेवाला सिध्दार्थ सोनवणे (निवासी मस्साजोग तहसील केज जिला बीड) को भी बीड पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे सीआईडी के हवाले कर सीआईडी उससे सख्ती से पूछताछ कर रही है।

## बीड हत्याकांड में मुंडे भाई-बहन दें मंत्री पद से इस्तीफा: गजानन कीर्तिकर

### तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल दो फरार आरोपियों सहित तीन लोगों को पुणे और कल्याण से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में फरार दो आरोपियों सुदर्शन चंद्रभान घुले (26) और सुधीर सांगले (23) को पुणे से पकड़ा गया, जबकि सिद्धार्थ सोनवणे को ठाणे जिले के कल्याण से गिरफ्तार किया गया। घुले और सांगले का नाम प्राथमिकी में दर्ज है, जबकि सोनवणे का नाम जांच के दौरान सामने आया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि मस्साजोग गांव निवासी सोनवणे सरपंच देशमुख की गतिविधियों पर नजर रखता (खबरी) था और अन्य आरोपियों को इसकी जानकारी देता था। पुणे से गिरफ्तार सुदर्शन घुले इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी है।

### अदालत ने सुनाई 15 दिन की सीआईडी हिरासत

आरोपी सुदर्शन घुले व सुधीर सांगले को पुलिस ने पहले नेकनूर पुलिस थाने में दाखिल कर उसके बाद केज के अदालत में पेश करने पर केज के अदालत ने दोनों आरोपियों को 15 दिन तक सीआईडी हिरासत में भेज दिया गया है। दोनो आरोपी की पूछताछ के दरमियान मामले का खुलासा होने की संभावना जताई गई है।

# पीएम मोदी करेंगे सबसे तेज ट्रेन का शुभारंभ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के लिए नमो भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। वर्तमान में साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा परिचालित है। इस उद्घाटन के साथ, नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, जिसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# महायुति सरकार ने बनाया 100 दिनों का प्लान

## ■ शहरों के विकास लिए तैयार किया रोडमैप

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र का नगर विकास विभाग राज्य के संपूर्ण विकास की विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान नगर विकास विभाग की 100 दिनों की योजना पर शहरी विकास विभाग (एक) के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता ने प्रस्तुतीकरण दिया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से नगर विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजना प्राधिकरणों को सशक्त बनाने, शहरों के निकट लगभग साढ़े तीन हजार गांवों में सड़क विकास की योजना तैयार करने, राज्य के दस लाख से



अधिक आबादी वाले शहरों में शहरी समाधान परियोजनाओं को लागू करने, भवन निर्माण परमिट देने की प्रक्रिया के कंप्यूटरीकरण करने, प्रदान की गई पर्यटन नीति के अनुसार एकीकृत शहरी विकास और नियंत्रण नियमों को बदलने पर जोर दिया।

### शहरों के विकास के लिए फंड खर्च करने की जरूरत

इस मौके पर सीएम फडणवीस ने राज्य में विभिन्न नियोजन प्राधिकरणों को सशक्त बनाने और उनका काम कंपनी तर्ज पर करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में शहरों के विकास के लिए फंड खर्च करने की जरूरत है। शहर में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजी निवेश करना होगा। लेकिन इस उद्देश्य के लिए, धन जुटाने के लिए नए वित्तीय विकल्प बनाए जाने चाहिए। राज्य के हर शहर में सिनेमाघर की संख्या बढ़ाने की जरूरत के सुझाव पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने पूछा कि क्या मौजूदा सिंगल स्क्रीन थिएटरों को कुछ रियायतें दी जा सकती हैं और क्या उसी थिएटर में मराठी नाटक और फिल्में दिखाई जा सकती हैं? इनकी संभावनाओं के अध्ययन का निर्देश देने के साथ-साथ उन्होंने सोलापुर स्मार्ट सिटी की जलापूर्ति योजना के वित्त पोषण के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने का सुझाव भी दिया।

## नांदेड़ बम विस्फोट मामला

# सभी 13 आरोपी हुए बरी

## ■ 19 साल बाद आया अदालत का फैसला

**डीबीडी संवाददाता । नांदेड़**

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में 2006 में हुए विस्फोट मामले में अपना फैसला सुनाते हुए सत्र न्यायालय ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। इस ब्लास्ट मामले में कुल 13 लोग आरोपी बनाए गए थे, लेकिन ट्रायल के दौरान तीन की मौत हो गई। आरोपियों के वकील नितिन रुनवाल ने कहा कि यह बम विस्फोट नहीं था, बल्कि पटाखों का विस्फोट था। यह एक दुर्घटना थी, इसलिए अदालत ने सभी आरोपियों



को बरी कर दिया।

नांदेड़ जिले के पाटबंधारे नगर में 6 अप्रैल 2006 को लक्ष्मण राजकोंडवार के घर में विस्फोट हुआ था। इसमें लक्ष्मण के बेटे नरेश राजकोंडवार और हिमांशु पानसे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में 'हिंदू आतंकवाद' शब्द का इस्तेमाल किया गया था।

# वसई विरार में फर्जी डॉक्टरों और फर्जी पैथोलॉजी लैबों की भरमार

## वसई विरार मनपा में 165 लैब ही हैं पंजीकृत

आशु विश्वकर्मा | विरार

वसई विरार शहर मनपा अंतर्गत फर्जी डॉक्टरों के साथ फर्जी पैथोलॉजी लैब के मामले सामने आए हैं। वसई विरार मनपा के स्वास्थ्य विभाग में केवल 165 पैथोलॉजी लैब पंजीकृत हैं और शहर में हजारों पैथोलॉजी लैब हैं। ईस समय मनपा के अनुमति के बिना स्थापित की गई इस पैथोलॉजी लैब की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

## जांच रिपोर्ट उस लैब से, जिसकी मान्यता रद्द




वसई-विरार मनपा के चिकित्सा मामलों के प्रभारी डॉक्टर की फर्जी रवानगी के बाद खुलासा हुआ है कि जांच रिपोर्ट उस लैब से दी जा रही है, जिसकी मान्यता मेडिकल काउंसिल ने रद्द कर दी है। इसी में खुलासा हुआ है कि विरार शहर में फर्जी डॉक्टर के नाम पर एक फर्जी लैब (प्रयोगशाला) काम कर रही है और मरीजों को डिसर्टिफाइड डॉक्टर के डिजिटल हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट दी जा रही है। इतना गंभीर मामला सामने आने के बाद भी वसई विरार महानगर पालिका ने इस लैब को सिर्फ नोटिस भेजकर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया, लेकिन मरीज के रिश्तेदारों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है।

## क्या कहता है कानून?

सभी प्रयोगशालाओं को महाराष्ट्र सरकार द्वारा तय किए गए मेडिकल प्रयोगशाला और नैतिक विनियमन अधिनियम, 2018 के तहत पंजीकृत होना आवश्यक है। अगर ऐसा रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जाता है या नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो कानूनी प्रक्रिया रोक दी जाती है।

वसई विरार महानगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के पास वर्तमान में कुल 165 पंजीकृत पैथोलॉजी लैब हैं। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब चलाने वाले किसी भी व्यक्ति का मनपा के पास अभी तक कोई रिकार्ड नहीं है।

– डॉ भक्ति चौधरी, स्वास्थ्य अधिकारी, वसई विरार शहर महानगर पालिका

## लैब के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

मरीज मित्र राजेंद्र दाधे ने मांग की है कि आम मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाली इस लैब के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए। मरीजों की बीमारियों का सटीक निदान करने के लिए पैथोलॉजी लैब का उपयोग किया जाता है। डॉक्टर द्वारा टेस्ट लिखे जाने के बाद आम नागरिक अपने डॉक्टर द्वारा सुझाई गई लैब में टेस्ट के लिए जाता है। रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर आगे का इलाज करते हैं। इसलिए महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल द्वारा अनुमोदित लैब में जाना जरूरी है। जब आम नागरिक फर्जी डॉक्टरों की पहचान नहीं कर सकते, तो आधिकारिक लैब की पहचान करना एक बड़ी चुनौती है। डॉक्टर के सुझावों के कारण ही नागरिक उन पर भरोसा कर खून, पेशाब समेत कई बीमारियों की जांच कराते हैं। जांच के लिए नमूनों की जांच किसी विशेषज्ञ रोगविज्ञानी की देखरेख में की जानी चाहिए। अत: रोग का सटीक निदान हो जाता है। वसई विरार में यह पाया गया है कि वसई-विरार में कई प्रयोगशालाएं बिना पैथोलॉजिस्ट के चल रही हैं और जांच रिपोर्ट एक ही डॉक्टर के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी की जाती है। इस मामले में यह बात सामने आई है कि कुछ डॉक्टरों की मंजूरी मेडिकल काउंसिल ने रद्द कर दी है। संस्था महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ प्रैक्टिसिंग पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट ने इस प्रकार का खुलासा किया है।साथ ही मनपा स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमों का पालन नहीं करने से फर्जी लैब का कारोबार फलफूल रहा है, जिससे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है।

## डॉ.राजेश सोनी प्रकरण के बाद अवैध पैथोलॉजी लैब का मामला उजागर

गुजरात के डॉ राजेश सोनी वसई विरार और मीरा भायंदर शहर की प्रयोगशालाओं में मरीजों को मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट दे रहे थे। महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ प्रैक्टिसिंग पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट के कार्यकारी सदस्य डॉ प्रसाद कुलकर्णी ने महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल से शिकायत की क्योंकि ये रिपोर्ट उनकी अनुपस्थिति में तैयार की जा रही थी और उन पर उनके डिजिटल हस्ताक्षर थे। इस शिकायत को सुनने के बाद मेडिकल काउंसिल ने 2021 में डॉ. सोनी का लाइसेंस 6 महीने के लिए रद्द कर दिया गया। लेकिन उसके बाद भी वह प्रयोगशाला से मरीजों को मेडिकल जांच रिपोर्ट दे रहा था। इसकी जानकारी होने पर काउंसिल ने उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया। फिर भी उन्होंने वसई विरार की कई प्रयोगशालाओं से मरीजों को परीक्षण रिपोर्ट प्रदान करना जारी रखा।इस संबंध में वसई विरार और मीरा भायंदर महानगर पालिका से शिकायत की गई। लेकिन महानगर पालिका ने संबंधित प्रयोगशालाओं को नोटिस जारी करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं किया। इनमें श्री जी पैथोलॉजी लैब (अम्बाडी रोड), पार्थ डायग्नोस्टिक सेंटर, (शिरडीनगर, अचोले, नालासोपारा पो), गेटवेल क्लिनिकल लेबोरेटरी (मनवेल पाडा रोड, विरार पो), ग्लोबल केयर एंड वेलफेयर डायग्नोस्टिक सेंटर, (कोफ्राड, अगाशी विरार ) शामिल हैं।, श्री धन्वंतरि पैथोलॉजी लेबोरेटरीज, (गुरुदत्त नगर रोड विरार पू), जीवन डायग्नोस्टिक सेंटर, (एवरशाइन लास्ट बस स्टॉप, वसई पू) इन प्रयोगशालाओं को महानगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इसके अलावा कुछ लैब पर पहले भी कार्रवाई किया गया था, लेकिन इनमें से कई लैब मालिकों ने नाम बदलकर मरीजों को रिपोर्ट देना शुरू कर दिया है। इसलिए,अवैध पैथोलॉजी लैब नागरिकों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### साइबर जालसाजों ने एयर होस्टेस से 10 लाख ठगे



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की 24 वर्षीय एयर होस्टेस साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गई, जब उसे मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तारी से बचने के लिए करीब 10 लाख रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने इस घटना की जानकारी शनिवार को दी। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर, 2024 को कल्याण में रहने वाली एयर होस्टेस को अज्ञात फोन नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि एक पार्सल जो उसने भेजा था, वह ईरान में अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा है। जब महिला ने यह बताया कि उसने कोई पार्सल नहीं भेजा, तो फोन करने वाले ने उसे वीडियो कॉल पर कहा कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आया है और उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी।

### असिस्टेंट रजिस्टार के लिए सहायक लिपिक 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बदलापुर।** ठाणे पुलिस आयुक्त क्षेत्र के अंबरनाथ तहसील के बदलापुर में सहकारी संस्था के असिस्टेंट रजिस्टार (पंजीकरण अधिकारी) आत्माराम चौधरी के लिए 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए कनिष्ठ लिपिक विजय सिंह अजब सिंह पाटील को 3 जनवरी 2024 को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ठाणे ब्यूरो ने बदलापुर पुलिस स्टेशन में 4 जनवरी को सुबह एक बजे दोनों अधिकारियों के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने और उसके वरिष्ठ अधिकारी ने गृह निर्माण संस्था पंजीकरण के लिए जब 3 जनवरी को असिस्टेंट रजिस्ट्रार आत्माराम से संपर्क किया, तो उन्होंने 70 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की।

# यशवंत विद्यालय के छात्रों ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का किया दौरा

## रेझिंग डे सप्ताह

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

समाज में अनुशासन और कर्तव्य पालन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस बल का गौरवशाली इतिहास हर साल रेझिंग डे सप्ताह के माध्यम से मनाया जाता है। इस वर्ष, उल्हासनगर के यशवंत विद्यालय के छात्रों को विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का दौरा करने का प्रेरणादायक अवसर प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने पुलिस कार्यशैली का प्रत्यक्ष अनुभव लिया।




### पुलिस स्टेशन की कार्यप्रणाली का अध्ययन

इस दौरे के दौरान छात्रों ने पुलिस स्टेशन के विभिन्न विभागों, उनकी कार्यप्रणाली, और अपराध जांच में नवीनतम तकनीकों का उपयोग देखा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने छात्रों को कानून, अनुशासन और सामाजिक सेवा के महत्व पर एक विशेष सत्र दिया। छात्रों ने पुलिस कर्मियों से 'पुलिस अपराधों को कैसे सुलझाती है? शिकायतें कैसे दर्ज की जाती हैं?' जैसे सवाल-जवाब किए। इन सवालों के विस्तृत उत्तर मिलने से छात्रों के मन में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर स्पष्टता आई।

### समाज और पुलिस के बीच संबंधों को मजबूत करना लक्ष्य

*वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने इस दौरे को एक महत्वपूर्ण अनुभव बताते हुए कहा, छात्रों के इस अनुभव से उनके मन में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। यशवंत विद्यालय के प्रिंसिपल प्रमोद नेहटे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देने से सामाजिक जागरूकता बढ़ेगी और देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलेगी।*

### पुलिस और छात्रों के बीच संवाद

पुलिस कर्मियों ने छात्रों को बताया कि अपराध सुलझाने के लिए किन कौशलों की आवश्यकता होती है और कर्तव्यों में क्या-क्या चुनौतियां आती हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों के मन में पुलिस के प्रति डर को दूर करना और उन्हें पुलिस के साथ मैत्रीपूर्ण संवाद के लिए प्रेरित करना था।

### अभिभावकों और छात्रों की प्रतिक्रियाएँ

अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। एक अभिभावक ने कहा, कानून और व्यवस्था के महत्व को समझाने के लिए यह एक अद्भुत प्रयास है। छात्रों ने पुलिस की कार्यशैली को करीब से देखकर कर्तव्य और अनुशासन का महत्व सीखा।

### रेझिंग डे का महत्व

रेझिंग डे सप्ताह 1961 से हर साल 2 से 8 जनवरी तक मनाया जाता है। यह झंडा तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र पुलिस बल को भेंट किया था। इस सप्ताह के दौरान, पुलिस और नागरिकों के बीच सद्भाव बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का यह दौरा ररेझिंग डेर सप्ताह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिससे छात्रों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा। इस तरह की पहल समाज और पुलिस बल के बीच संबंधों को मजबूत करने में सहायक साबित होती है।

# वरिष्ठ नागरिक समाज का ख्याल रखने की जरूरत: आशुतोष डुंबरे

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस का सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर दिया जोर




भिवंडी के संपदा नाईक सभागार में आयोजित वरिष्ठ नागरिक संवाद बैठक और स्वास्थ्य जांच शिविर में ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ती जाती है, उनके सामने अलग-अलग समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें हल करना पुलिस का कर्तव्य है। वरिष्ठ नागरिकों को अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और इन समस्याओं को सुलझाने में पुलिस को उनका सहयोग करना चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों के अकेलेपन और देखभाल की जरूरत

आशुतोष डुंबरे ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भविष्य में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 70 वर्ष तक पहुंच जाएगी। ऐसे में, उनके मुद्दों को अलग तरीके से संभालने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की पारिवारिक जिम्मेदारियां खत्म नहीं होतीं, और कई वरिष्ठ नागरिक अकेले रहते हैं। अकेलेपन के कारण उन्हें अधिक देखभाल की जरूरत होती है, और इन मुद्दों को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पुलिस द्वारा सत्यापन की आवश्यकता

डुंबरे ने इस बात पर भी जोर दिया कि पुलिस को घर पर काम करने वाले व्यक्तियों का सत्यापन करना चाहिए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वरिष्ठ नागरिकों को इस तरह की सावधानियों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वे धोखाधड़ी और अन्य समस्याओं से बच सकें। इस कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त डॉ. मोहन दहिकर ने साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी में वृद्धि पर चर्चा की। पुलिस निरीक्षक अतुल अदुरकर ने नकली पुलिसकर्मियों द्वारा किए जाने वाले धोखाधड़ी के बारे में सावधानियों की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, ताकि उनकी शारीरिक स्थिति का जायजा लिया जा सके।

### पुलिस प्रशासन की धर्मार्थ गतिविधियां

महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर चल रहे राइजिंग डे वीक के अंतर्गत पुलिस प्रशासन ने कई धर्मार्थ गतिविधियों को लागू किया है, जिनका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना है। आशुतोष डुंबरे ने अंत में यह कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना पुलिस का कर्तव्य है और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए पुलिस का सही सत्यापन और देखभाल जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल को प्राथमिकता देने से समाज में सुरक्षा और सामूहिक जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न होगा।

# 96 वर्षीय महिला ने बीमारी से परेशान होकर की आत्महत्या

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके में 96 वर्षीय बुजुर्ग एक महिला ने बीमारी और मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार दोपहर की है, जब महिला का बेटा घर पर मौजूद नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, भुवापाड़ा क्षेत्र की रहने वाली प्रयागबाई मोतीराम चोटमल ने अपने घर की छत से लटककर अपनी जान दे दी। पुलिस के अनुसार, जब बुजुर्ग महिला का 54 वर्षीय बेटा किसी काम से बाहर गया हुआ था, तभी उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने उसके परिवार के सदस्यों के हवाले से बताया कि प्रयागबाई पिछले लंबे समय से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थीं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति लगातार खराब हो रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थीं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

# कल्याण से पनवेल लोकल सेवा शुरू करने की मांग तेज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

कल्याण लोकसभा सचिव हरजिंदरसिंह भुल्लर (विक्की) ने सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर कल्याण से पनवेल तक लोकल ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की। इस लोकल सेवा से हजारों विद्यार्थियों और नागरिकों की परिवहन संबंधी समस्याएं खत्म होंगी और क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा का लाभ मिलेगा।

## स्थानीय निवासियों की चिंताओं को लेकर चर्चा



शहड रेलवे स्टेशन क्षेत्र से सी ब्लॉक तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना के कारण वहां रह रहे 40-50 वर्षों से बसे नागरिकों में बेघर होने का डर है। भविष्य में रोड वाइडिंग से होने वाले नुकसान की भरपाई की भी मांग की गई।

### समस्या समाधान का आश्वासन

सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने सभी समस्याओं पर ध्यान देने का आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही उल्हासनगर आयुक्त और रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कर समाधान निकाला जाएगा।

### बैठक में प्रमुख हस्तियां शामिल

इस मुलाकात में युवासेना के कल्याण जिला अधिकारी जितेंद्र पाटील, विभाग प्रमुख विनोद सालेकर, प्रमोद पांडेय, शिवसेना वैद्यकीय शहर समन्वयक बिपीन सिंह, शाखा प्रमुख सुमित सिंह सहित कई स्थानीय शिवसैनिक उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्रीय विकास और नागरिकों की सुविधा बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# वीडियो कॉल के जरिए दिया तलाक

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

मुंबई में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ तीन तलाक के जरिए तलाक देने का आरोप लगाया है। एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज़ की मांग को लेकर उत्पीड़न करने और वीडियो कॉल पर तीन तलाक़ के ज़रिए तलाक़ देने का आरोप लगाया है। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) में काम करने वाले एक व्यक्ति और उसके माता-पिता के ख़िलाफ़ दहेज़ के लिए अपनी पत्नी को परेशान करने और वीडियो कॉल पर तीन तलाक़ के ज़रिए तलाक़ देने का मामला दर्ज किया है। सीवुड्स की रहने वाली पीड़िता ने एनआरआई सागर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए। एएनआई से बात करते हुए, पीड़िता ने आरोप लगाया कि 2022 में आकिब भाटीवाला से उसकी शादी, जो मुस्लिम रीति-रिवाज़ों के अनुसार हुई थी, शुरू में शांतिपूर्ण लग रही थी। हालांकि, वडाला में अपने ससुराल वालों के घर में जाने के बाद, उत्पीड़न शुरू हो गया।

नाबालिग लड़की हत्या मामला

# आरोपितों को 18 जनवरी तक न्यायिक कस्टडी

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या करने वाले आरोपित विशाल गवली को उसकी पत्नी साक्षी को शनिवार को कल्याण जिला कोर्ट ने 18 जनवरी तक न्यायिक कस्टडी में भेज दिया। इन दोनों आरोपितों की आज पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद पुलिस ने कल्याण जिला कोर्ट में पेश किया था।

## क्या है पूरा मामला ?

कल्याण पुलिस की ओर से पेश सरकारी वकील नीरज कुमार और संजय मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में जांच के लिए आरोपितों को तीन दिन और पुलिस कस्टडी में भेजने की जरुरत है। लेकिन आरोपित के वकील संजय धानके ने कहा कि इस मामले की पूछताछ पूरी हो गई है। आरोपित को न्यायिक कस्टडी दी जानी चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपितों को न्यायिक कस्टडी में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि कल्याण चक्कीनाका इलाके में में रहने वाली नाबालिग लड़की का अपहरण कर आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और इसके बाद लड़की की हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपित और उसकी पत्नी ने लड़की की लाश को सूनसान जगह पर फेंक दिया था।

# महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर स्थित सेवा सदन महाविद्यालय में छात्र समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में छात्रों ने स्वच्छतागृह की मरम्मत, जिमखाना की पुनः शुरुआत, पानी की टंकियों की सफाई और वाहन पार्किंग की व्यवस्था जैसी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई। छात्रों का कहना था कि महाविद्यालय परिसर में इन बुनियादी सुविधाओं का अभाव छात्रों के लिए परेशानी का कारण बन रहा था, और इसका समाधान समय रहते होना चाहिए।



### विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी

ABVP के इस प्रदर्शन के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। प्रशासन ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए घोषणा की कि इन कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। इसके तहत स्वच्छतागृह की मरम्मत, पानी की टंकियों की सफाई और वाहन पार्किंग व्यवस्था जैसी सुधारात्मक कार्यों की शुरुआत जल्द की जाएगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और ABVP कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने अपने अधिकारों की मांग की। छात्रों का यह आंदोलन महाविद्यालय प्रशासन तक उनकी समस्याओं को पहुंचाने में सफल रहा, और प्रशासन ने छात्रों की परेशानियों को हल करने की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया।

बीड सरपंच हत्याकांड

# परभणी में निकला सर्वदलीय मार्च

## सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की उठी मांग

डीबीडी संवाददाता | छत्रपति संभाजीनगर



बीड का हाईप्रोफाइल सरपंच हत्या मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। वाल्मीक कराड के सरेंडर करने और मामले की जांच सीआईडी को सौपे जाने के बाद भी जनता और विपक्ष सरकार को घेरे हुए है। जनता और विपक्ष बीड के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड मामले की जल्द और निपक्ष जांच चाहती है। सरपंच हत्याकांड मामले में न्याय की मांग करते हुए लगातार आंदोलन, प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परभणी शहर में सर्वदलीय मार्च निकालकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले की गहन जांच की मांग को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर में एक सर्वदलीय मार्च निकाला गया। नूतन कॉलेज मैदान से शुरू हुआ यह मार्च शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निकट तक किया गया। इस वक्त जोरदार घोषनाए देते हुए सरपंच हत्याकांड में निपक्ष जांच की मांग की गई। बता दें कि बीड जिले में केज तहसील स्थित मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख को अगवा कर लिया गया था और 9 दिसंबर को उनकी हत्या कर दी गई थी। बता दें कि पुलिस ने अब तक हत्या के मामले में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद विपक्ष ने महाराष्ट्र के मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग की है। विपक्षी दल शिवसेना (उबाठा) और सत्तारूढ़ राकांपा के जन प्रतिनिधि, मराठा आरक्षण नेता मनोज जरांगे और संतोष देशमुख के परिवार के सदस्य मार्च में शामिल हुए। मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, 'लोगों को देशमुख परिवार के साथ तब तक मजबूती से खड़ा रहना चाहिए, जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। जबरन वसूली और हत्या, दोनों मामलों में आरोपी एक ही हैं और मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

# आज से भाजपा का राज्यव्यापी विशेष सदस्य पंजीकरण अभियान

- भाजपा संगठन पर्व के प्रभारी विधायक रवींद्र चव्हाण ने दी जानकारी
- एक ही दिन में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भाजपा महाराष्ट्र में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए 5 जनवरी को एक विशेष सदस्यता अभियान चलाएगी, जिसका उद्देश्य एक ही दिन में 25 लाख नए सदस्य जोड़ना है। संगठन पर्व के प्रभारी विधायक रवींद्र चव्हाण ने शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले नागपुर से करेंगे। अभियान में राज्य के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, और पदाधिकारी बूथ स्तर तक पहुंचकर नागरिकों को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगे।



### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों पर फोकस

इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 250 से अधिक नए सदस्य पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। चव्हाण ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50,000 से अधिक सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांसद और विधायकों की सक्रिय भागीदारी

रवींद्र चव्हाण ने बताया कि राज्य में चल रहे इस अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चव्हाण ने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। यह सदस्यता अभियान भाजपा को मजबूत करेगा और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

### डेढ़ करोड़ सदस्यों का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पहले ही निर्देश दिया है कि महाराष्ट्र में संगठन पर्व के दौरान डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाए जाएं। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

## बांद्रा इलाके में लगी भीषण आग



### 20 से 25 झोपड़ियां जलकर खाक

**मुंबई।** बांद्रा इलाके में शनिवार दोपहर को भीषण आग लग गई। यह आग ज्ञानेश्वर नगर की ओएनजीसी कॉलोनी में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके कारण 20 से 25 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग लगने के कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। हालांकि इस हादसे में कोई भी शख्स घायल नहीं हुआ है। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। मौके पर आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के मुताबिक, आग लगने की इस घटना में किसी भी व्यक्ति के घायल और हताहत होने की सूचना नहीं है।

# देवेंद्र फडणवीस की तारीफ पर संजय राउत ने दी सफाई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने 'सामना' में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तारीफ किए जाने पर प्रतिक्रिया दी।

संजय राउत ने सवाल किया कि आखिर हम क्यों नहीं उनकी तारीफ करें? संजय राउत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि राजनीति में आलोचना जरूरी है, लेकिन जब कोई अच्छा काम करता है, तो निश्चित तौर पर हमें उसके कार्यों का भी जिक्र जरूर करना चाहिए।



### संजय ने फडणवीस की तारीफ को स्वाभाविक बताया

संजय राउत ने कहा, 'महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आलोचना राजनीतिक मतभेदों के कारण स्वाभाविक है, लेकिन जब उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए अच्छे कदम उठाए हैं, तो उन प्रयासों की सराहना भी की जानी चाहिए। यह शिवसेना का भी दृष्टिकोण है, जो बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर आधारित है।'

### 'शिवसेना बड़े दिलवाली पार्टी'

शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता ने कहा, 'मुख्यमंत्री की हमारी प्रशंसा को हमारी रणनीति में किसी बदलाव या भाजपा के करीब आने के किसी प्रयास के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इस तरह की अटकलों में कोई सच्चाई नहीं है। शिवसेना हमेशा से बड़े दिल वाली पार्टी रही है। हमने एक कुदाल को कुदाल कहा है...और साथ ही हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों के भी की गई वस्तुओं की सराहना की है।



# मुंबई में 9-23 जनवरी तक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस ने 9 जनवरी से 23 जनवरी तक निषेधात्मक आदेश लागू कर दिए हैं, जिसके तहत इस दौरान पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 9 जनवरी को सुबह 12 बजे से लागू होगा और 23 जनवरी को उसी समय समाप्त होगा।

### प्रतिबंधों का उद्देश्य

पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह आदेश एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है और किसी विशेष खुफिया जानकारी से इनकार किया है। आदेश में कहा गया है कि मुंबई में 'शांति भंग होने और सार्वजनिक शांति में खलल पड़ने' की आशंका के चलते यह प्रतिबंध लागू किया गया है।

### किसे मिलेगा छूट?

इस आदेश के तहत, किसी भी जुलूस सहित पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने, लाउडस्पीकर-एम्पलीफायर, संगीत बैंड का उपयोग और पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, विवाह, अंतिम संस्कार, सहकारी समितियों, सामाजिक संघों और कंपनियों की गतिविधियों, साथ ही सरकारी सभाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

**बीएमसी चुनाव**

# उद्धव को शिकस्त देने की तैयारी कर रहे एकनाथ शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद अब राजनीतिक दलों की नजर देश की सबसे बड़ी बजट वाली मुंबई महानगर पालिका (BMC) पर है। राजनीतिक दलों ने बीएमसी चुनाव जीतने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एकनाथ शिंदे (Eknath Shinde) बीएमसी चुनाव में उद्धव ठाकरे (Uddhav Thackeray) को शिकस्त देने की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले दिनों मे दिनों में शिंदे बीएमसी चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे। उद्धव ठाकरे से बगावत के बाद अब एकनाथ शिंदे नए साल में नयी चुनौती का सामना करने को तैयार हैं।



दरअसल, शिंदे महायुती गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। उद्धव ठाकरे का पिछले 25 वर्षों से बीएमसी पर कब्जा रहा है। पर अब परिस्थित बिल्कुल बदल गई है। सांसद, विधायक और पूर्व नगर सेवक शिंदे के साथ जुड़ गये हैं। इसलिए शिंदे उद्धव ठाकरे को टक्कर देने के लिए तैयार हैं। बीएमसी चुनाव में बीजेपी और द्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच टक्कर होगी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना का भी महत्वपूर्ण रोल होने वाला है। शिंदे की शिवसेना बीएमसी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। पिछले 25 वर्षों से बीएमसी में उद्धव ठाकरे का मेयर बैठते आया है।

### बीएमसी चुनाव की तैयारी में जुटे दल

बगावत के बाद 50 से ज्यादा नगर सेवक शिंदे खेमे में बताए गए हैं। 2012 तक बीजेपी और ठाकरे की शिवसेना का गठबंधन रहा है। 2017 में ठाकरे की शिवसेना और बीजेपी ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और चुनाव के बाद साथ आए। आंकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि 2012 के मुकाबले 2017 में बीजेपी ने जोरदार वापसी की। 2012 में मुंबई नगर निगम में बीजेपी के 21 नगर सेवक थे, लेकिन 2017 में नगर सेवकों की संख्या बढ़कर 82 हो गई। 2017 में शिवसेना और बीजेपी ने मुंबई नगर निगम का चुनाव अलग-अलग लड़ा था। इसके बावजूद बीजेपी अपने दम पर 82 सीटों तक पहुंचने में कामयाब रही और नगर निगम में दो दशक से ज्यादा समय से सत्ता पर काबिज शिवसेना 84 सीटों पर अटक गई।

**पश्चिम रेलवे**

**जंग खाए हुए गड्ढेदार टॉप फ्लेंज प्लेट्स और चेकर्ड प्लेट का प्रतिस्थापन**

उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन)-दादर, पश्चिमी रेलवे **ई-टेंडर संख्या: DYCE-BR-DDR-2025-01 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** "मुंबई डिवीजन के एसएसई (ब्रिज) बीएल के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 442 यूपी/डीएन की जंग खाए हुए गड्ढेदार टॉप फ्लेंज प्लेट्स का प्रतिस्थापन और पुल संख्या 442 अप के मार्ग की चेकर्ड प्लेट का प्रतिस्थापन।" **कार्य की अनुमानित लागत:** 53,41,906.69। **ईएमडी:** 1,06,800/-। **ई-निविदा प्रस्तुत करने तथा ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** ऑनलाइन निविदा 03.02.2025 को 15:00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है, तथा उसी तिथि - 03.02.2025 को 15:30 बजे खोली जानी है। वेबसाइट विवरण तथा स्थान के लिए सूचना का पूर्ण विवरण आदि यहां देखा जा सकता है: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in. 0927

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# मुंबई डब्बावालों की आवास योजना पर चिंता

**मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मदद की अपील**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

135 वर्षों से मुंबई में लंच बॉक्स डिलीवरी सेवा देने वाले डब्बावालों को घर प्राप्त करने में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू की गई 25 लाख रुपये प्रति यूनिट की दर से डब्बावालों को घर उपलब्ध कराने की योजना पर चिंता जताई है, क्योंकि यह राशि उनके लिए वित्तीय रूप से दुरुस्त नहीं है।

एसोसिएशन ने कहा कि डब्बावाले बहुत से झुग्गियों, किराए के मकानों या साझा आवासों में रहते हैं और मुंबई के उच्च-मूल्य वाले रियल एस्टेट बाजार में घर खरीदने में असमर्थ हैं। एसोसिएशन का कहना है कि उनकी औसत मासिक आय 15,000 से 20,000 रुपये के बीच है, और इतनी मामूली आय के साथ 25 लाख रुपये की संपत्ति का ऋण लेना उनके लिए कठिन होगा।



### मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया किफायती आवास का आश्वासन

हाल ही में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डब्बावालों के लिए किफायती आवास का मुद्दा उठाया। उन्होंने मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के साथ एक बैठक में उनकी आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। इस योजना के तहत ठाणे के दिवे अंजनगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 12,000 घरों का निर्माण होगा, जो म्हाडा द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

### एसोसिएशन की मांग

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से यह अनुरोध किया है कि डब्बावालों को श्निम्न आय वर्गश् के हिस्से के रूप में वर्गीकृत किया जाए, ताकि उन्हें अधिक किफायती कीमतों पर आवास मिल सके, आदर्श रूप से 10-12 लाख रुपये की रेंज में। इसके साथ ही, एसोसिएशन ने लचीली पुनर्भुगतान शर्तों के साथ बैंक ऋण तक आसान पहुंच की भी वकालत की है, ताकि डब्बावाले अपने घर के मालिक बनने के अपने सपने को साकार कर सकें।

### मृतक डब्बावालों के परिवारों के लिए भी आवास की मांग

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मृतक डब्बावालों के परिवारों के लिए भी आवास सहायता देने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह प्रस्ताव दिया है कि लंबे समय तक सेवा देने वाले श्रमिकों के उत्तराधिकारी को भी इस योजना के तहत आवास प्रदान किया जाए। एसोसिएशन ने कहा, श्यह पहल मुंबई में डब्बावालों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने का प्रयास करती है। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में इस आवास समस्या का समाधान होगा।

# महाराष्ट्र में बड़े निवेश की तैयारी में TATA ग्रुप

## नोएल टाटा ने सीएम फडणवीस से की मुलाकात

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और राज्य की आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की। सीएम फडणवीस ने नोएल टाटा से कई परियोजनाओं पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जा रहे है कि महाराष्ट्र में टाटा ग्रुप और निवेश कर सकता है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दक्षिण मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि "हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, जहां टाटा ट्रस्ट और मंत्री समूह हमारे राज्य की वृद्धि में तेजी लाने के लिए सहयोग कर सकते हैं।"

### सीएम ने टाटा का आभार व्यक्त किया



एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम फडणवीस ने लिखा कि "आज मेरे आधिकारिक आवास पर टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन श्री नोएल टाटा जी से मिलकर और उनसे बातचीत करके मुझे बहुत खुशी हुई। मैं उन्हें हमारी नई सरकार को शुभकामनाएं और बधाई देने तथा टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक मजबूत और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने में अपना विश्वास व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस बैठक के दौरान, हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, जहां टाटा ट्रस्ट और जीओएम हमारे राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग कर सकते हैं।"

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई.-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/01 दिनांक 02-जनवरी-2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रैलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्र. | निविदा क्र. | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 27243282 | एओएच/आईओएच/पीओएच किट | 204 सेट | 20-जनवरी-25 |
| 2 | 81241069 | एमएसयू बेयरिंग नॉन ड्राइव एंड (फ्लैंज-809055-जे-20एए के साथ पतला रोलर बेयरिंग) एम/एस को। सीमेंस पार्ट नं. A5E00359554 एवं मैसर्स शेफलर जर्मनी DRG.NO. एफ-809055। TRI.J20AA | 125 नग. | 20-जनवरी-25 |
| 3 | 27243631A | हेड लाइट के लिए संपरककर्ता | 316 नग. | 22-जनवरी-25 |
| 4 | 81241026A | अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) के लिए प्रत्येक 500 के थर्मल टिकट रोल | 305600 नग | 22-जनवरी-25 |
| 5 | 27243298 | एफएस लॉक नट का सेट | 56 सेट | 23-जनवरी-25 |
| 6 | 27244678 | डिस्क ब्रेक असेंबली के लिए पुर्जों का सेट | 26 सेट | 27-जनवरी-25 |
| 7 | 27244793 | छत पर लगा एयर कंडीशनिंग सिस्टम | 26 सेट | 27-जनवरी-25 |
| 8 | 71245088 | आर्थोपेडिक विभाग के लिए इंट्राऑपरेटिव सीटी स्कैन प्रणाली की खरीद। | 02 नग | 03-फरवरी-25 |

नोट:- उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां **IREPS** वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया **IREPS** वेबसाइट पर जाएं। **कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे 660

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई- प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/ 01/2025 दिनांक 01.01.2025**

| अ.क्र. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत लोको के लिए मुख्य कंप्रेसर असेंबली | 150 नग | 29- जनवरी-25 |
| 2. | पॉली रिंग (डोनट्स) | 9445 नग | 29- जनवरी-25 |
| 3. | हिताची ट्रैक्शन मोटर प्रकार HS-15250A के मैग्नेट फ्रेम के लिए मरम्मत किट | 50 सेट | 30- जनवरी-25 |
| 4. | शंटिंग संपर्ककर्ता (ईपी यूनिट) पूर्ण प्रकार टीसीपी-718- एम16-4 | 371 नग | 31- जनवरी-25 |
| 5. | कैपेसिटर हार्मोनिक फ़िल्टर | 282 नग | 31- जनवरी-25 |
| 6. | छत अर्थिंग स्विच (एचओएम) | 48 नग | 31- जनवरी-25 |
| 7. | फ्लेक्सी कॉइल बोगी फ्रेम पूर्ण | 16 सेट | 03- फरवरी-25 |
| 8. | ओवरहालिंग किट | 4925 सेट | 10- फरवरी-25 |
| 9. | ईटीपी, डब्ल्यूटीपी और संबंधित सहायक उपकरणों के साथ स्वचालित कोच वाशिंग प्लांट का सिविल कार्य, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण | 2 सेट | 10- फरवरी-25 |
| 10. | ग्रे पेंट के साथ बोल्स्टर | 16 नग | 13- फरवरी-25 |
| 11. | पूर्ण ब्रेक गियर व्यवस्था | 22 सेट | 17- फरवरी-25 |

**सही करने के लिए**

निविदा सूचना संख्या **एस/ 67/2024 दिनांक 04/12/2024 क्रमांक 731 को कृपया नियत तिथि को '10/01/25'** पढ़े।

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें। 0920

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या: 07/2024**

**मिनिस्टीरियल और आइसोलेटेड कोटियों के विभिन्न पदों की भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में मिनिस्टीरियल और आइसोलेटेड कोटियों के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06/02/2025 है। **सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए।**

**आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि:** 07/01/2025
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 06/02/2025

| पदों के नाम | 7वें वे. आयोग में वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु यथावत (01.01.2025) | कुल रिक्तियां (सभी रे. भ. बो.) |
|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न विषयों के स्नातकोत्तर शिक्षक | 8 | 47600 | C2 | 18-48 | 187 |
| वैज्ञानिक पर्यवेक्षक (एर्गोनॉमिक्स और प्रशिक्षण) | 7 | 44900 | B1 | 18-38 | 3 |
| विभिन्न विषयों के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक | 7 | 44900 | C2 | 18-48 | 338 |
| मुख्य विधि सहायक | 7 | 44900 | C1 | 18-43 | 54 |
| लोक अभियोजक | 7 | 44900 | C1 | 18-35 | 20 |
| शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (अंग्रेजी माध्यम) | 7 | 44900 | C2 | 18-48 | 18 |
| वैज्ञानिक सहायक/प्रशिक्षण | 6 | 35400 | B1 | 18-38 | 2 |
| कनिष्ठ अनुवादक/हिन्दी | 6 | 35400 | C2 | 18-36 | 130 |
| वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक | 6 | 35400 | C1 | 18-36 | 3 |
| कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक | 6 | 35400 | C1 | 18-36 | 59 |
| लाइब्रेरियन | 6 | 35400 | C2 | 18-33 | 10 |
| संगीत अध्यापिका | 6 | 35400 | C2 | 18-48 | 3 |
| विभिन्न विषयों के प्राथमिक रेलवे शिक्षक | 6 | 35400 | C2 | 18-48 | 188 |
| सहायक अध्यापिका (जूनियर स्कूल) | 6 | 35400 | C2 | 18-48 | 2 |
| प्रयोगशाला सहायक / स्कूल | 4 | 25500 | C2 | 18-48 | 7 |
| लैब सहायक ग्रेड III (रसायनज्ञ और धातुकर्मी) | 2 | 19900 | B1 | 18-33 | 12 |
| | | | | कुल | 1036 |

उपरोक्त तालिका में दर्शाई गई आयु सीमा वर्षों में है और आयु की ऊपरी सीमा में कोविड-19 महामारी के कारण एक बार के लिए निर्धारित आयु सीमा से 3 वर्ष की छूट शामिल है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध इस भर्ती में भाग लेने वाले सभी रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 07/2024 देखें।

| सीईएन संख्या 07/2024 के संदर्भ में भर्ती में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइटें | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | चंडीगढ www.rrbcdg.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in |
| अजमेर www.rrbajmer.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in | मुंबई www.rrbmumbai.gov.in |
| बेंगलुरु www.rrbbnc.gov.in | गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in |
| भोपाल www.rrbbhopal.gov.in | गुवाहाटीwww.rrbguwahati.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | जम्मू-श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | रांची www.rrbranchi.gov.in |
| बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in |

यह अधिसूचना पूर्णतः सांकेतिक प्रकार की है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन संख्या: 07/2024 की पोस्ट पैरामीटर तालिका और रिक्ति तालिका को देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय-समय पर केवल रेलवे भर्ती बोर्डों की उपरोक्त वेबसाइटों पर ही जारी की जाएगी।

सं: RRB/SGUJ/Advt-/CEN 07/2024/ Ministerial & Isolated Categories दिनांक: 21.12.2024 — अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड

बिचौलियों, दलालों और जॉब रैकेट चलाने वालों से सावधान रहें। 661

संपादकीय

# ज़हरीला भूजल

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# जरूरत है मृत्युदंड पर पुनर्विचार की




यमन में मृत्युदंड की सज़ा सुनाई भारतीय महिला को बचाने के यत्नों के दौरान हमें यह सोचना चाहिए कि क्या हम को कठोरतम दंड यानी फांसी की सजा देना जारी रखना चाहिए। निमिशा प्रिया नामक नर्स को हत्या का दोषी पाया गया है। उस पर इल्जाम है कि उसने कथित तौर पर पीड़ित (जो कि उसे जानता था) को जेल में मुलाकात के दौरान नशे का इंजेक्शन लगाया था। उसके मृत्यु दंड को रोकने के प्रयास अब तक विफल रहे हैं। एक अंतिम मौका यही बचा था कि मृतक के परिवार को 'खून की कीमत' की पेशकश करना और माफी मांगना। 'खून-माफी' की यह राशि 40,000 डॉलर (लगभग 34 लाख रुपये) आंकी गई है। यह रकम पूरी तो नहीं लेकिन इसका बड़ा हिस्सा नर्स के परिवार द्वारा एक वकील के पास जमा करवा दिया गया है। ऐसा लगता है कि वित्तीय मुआवजे की पेशकश को मान लिया गया है। अब केवल क्षमा-दान का बेसब्री से इंतजार है। हमारी सरकार परिवार की सहायता के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

पर हम तो हमेशा से यही कहते आए हैं कि 'कानून को अपना काम करने दें', और इस महिला के मामले में भी यही लागू है। तो फिर हमारी सरकार उसकी मौत की सजा टालने के लिए मदद क्यों कर रही है? क्या इसलिए कि सरकार का मानना है कि वह दोषी नहीं है या उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली? क्या इसलिए कि वह एक भारतीय है और सरकार एक भारतीय नागरिक की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी? क्या इसलिए कि सरकार को लगता है कि सज़ा बहुत कठोर है? कारण चाहे जो भी हो, मदद प्रदान करने के लिए सरकार की सराहना की जानी चाहिए।

लेकिन इस मामले से सरकार को हमारी कानून की किताबों में मृत्युदंड की आवश्यकता पर विचार करना बनता है। आखिरकार, जब हम किसी व्यक्ति को फांसी देते हैं, तब भी तो हम एक भारतीय नागरिक की जान ले रहे होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उस भारतीय को हमारे अपने देश में फांसी दी जाए या विदेशी धरती पर। यह भी सच है कि हमारी अदालतें मृत्युदंड देने में सतर्क और बेहद सावधान रहती हैं -वे ऐसा दुर्लभतम मामलों में ही करती हैं। लेकिन क्या अभियोजन पक्ष के लिए मृत्युदंड की मांग करने से बचना उचित नहीं होगा? किसी व्यक्ति को फांसी देने से क्या उद्देश्य पूरा हो जाता है?

मृत्युदंड पर चर्चा करने पर सामान्य उत्तर यही आता है कि जघन्यतम अपराधों के विरुद्ध ऐसा एक निवारक डर होना जरूरी है। दुर्भाग्य से, इस तर्क का समर्थन करने के पक्ष में कोई सुबूत नहीं है। अमेरिका में मृत्युदंड की सज़ा सुनाए गए लोगों की संख्या बहुत ज़्यादा है, उनमें से बहुत बड़ी संख्या का मृत्युदंड क्रियान्वित किया भी जाता है। लेकिन क्या इससे वहां के स्कूलों में हत्या करने या सामूहिक गोलीबारी करने या हाल ही में न्यू ऑरलियन्स में हुए नरसंहार जैसे अपराध होना रुक गए?

दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि जिन मुल्कों में मृत्युदंड का प्रावधान हटाया गया है, वहां जघन्य अपराधों के मामलों में वृद्धि नहीं हुई है। फ्रांस ने 1981 में यह विकल्प चुना था, चार दशक से अधिक समय बीतने के बाद, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि वहां जघन्य जुर्म की संख्या बढ़ी है। जिम्बाब्वे, जिसने पिछले साल दिसंबर में मृत्युदंड पर रोक लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में पेश हुए प्रस्ताव पर मतदान में अनुपस्थिति दर्ज करवाई थी, ने भी मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है। अब देखना यह है कि इस निर्णय का प्रभाव क्या रहेगा।

हमारे देश में प्रति वर्ष बलात्कार और हत्या के हज़ारों मामले दर्ज किए जाते हैं। हमारे यहां आतंकवादी हमलों के भी अनेक मामले हैं। मेरा मानना है कि जघन्य अपराधों से जुड़े इन तमाम मामलों में यदि जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी कर ली जाए और एक साल के अंदर मुकदमे की सुनवाई पूरी हो जाए, तो काफी हद तक न्याय मिल जाएगा। इसके वास्ते, जहां हमारी पुलिस को अपराधों की जांच करने के लिए उच्च प्रशिक्षित होने की जरूरत है वहीं हमारे अभियोजन पक्ष और अभियोजकों को भी ठोस और वैज्ञानिक सुबूतों से पूरी तरह लैस होना होगा।

हाल ही में एक अखबार में छपी एक खबर के अनुसार एक मामले में 49 में से 48 गवाह मुकर गए। यह हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में क्या बताता है? सिर्फ इतना कि इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। लेकिन, हो यह रहा है कि हमारे यहां व्यवस्था को सुधारने के बजाय सबसे कठोरतम सज़ा यानी मृत्युदंड और ज्यादा देने की मांग की जा रही है। इससे व्यवस्था को सुधारने में मदद नहीं मिलेगी। देश भर की अदालतों को आपराधिक मामलों में सुनवाई और अपीलों के निपटारे में तेजी लाने की जरूरत है ताकि फैसले पर जल्दी पहुंचा जा सके। तभी जघन्य या अन्य अपराध करने वालों को यह संदेश मिलेगा कि उन्हें सज़ा जल्द मिल जाएगी और जेल काटनी पड़ेगी।

कुछ अदालतों ने यह विचार करना शुरू कर दिया है कि जरूरी नहीं किसी व्यक्ति को फांसी पर लटकाना सबसे अच्छा समाधान है। हाल के दिनों में ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें अदालतों ने मौत की सजा सुनाने की बजाय दोषी को 20-25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मृत्युदंड का उन्मूलन एक बहुत ही विवादास्पद और पेचीदा विषय है, खासकर बलात्कार, हत्या, बच्चों के यौन शोषण और आतंकी हमलों जैसे जघन्यतम मामलों में। फिर भी, हमें इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने और किसी तरह की नीति या आम सहमति बनाने की आवश्यकता है, अन्यथा, मृत्युदंड एक जुए का खेल बनकर रह जाएगा। इस बीच, आइए यमन की महिला के लिए प्रार्थना करें।

न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर

जीवन मंत्र — श्री श्री रविशंकर

# कैसे पाएं परमानंद ?

जीवन में आपको तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ आपके दिव्य मिलन की और संसार में बाकी सब कुछ आपको इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है।



परमानंद को सरलता से समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन-कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में आपको तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ आपके दिव्य मिलन की और संसार में बाकी सब कुछ आपको इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारणों, विभिन्न तरीकों से आपको उस लक्ष्य से विमुख करते हैं; लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, और न बताए जा सकते हैं, आपको घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। और एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि आपको यह समझ में नहीं आता, तो आपे बडे.नुकसान में हो।

राग और द्वेष आपके हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है, तो केवल व्यवहार में विनम्रता से कोई लाभ नहीं। व्यवहार के रूखेपन को सहा जा सकता है, परंतु दिल की कठोरता को नहीं। संसार को यह परवाह नहीं कि आप अंदर से कैसे हो? संसार केवल आपका बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु ईश्वर को यह परवाह नहीं कि आप बाहर से कैसे हो, वह केवल आपके अंदर देखते हैं। थोड़ा सा भी राग या द्वेष का अंश कभी अपने दिल में मत बसाओ। इसे गुलाब के फूल की तरह आप रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित!

यह कैसा भ्रम है- आप किसी व्यक्ति या वस्तु को नापसंद करते हो, और यह आपके हृदय को कठोर बनाता है, और इस कठोरता को निर्मल होने में बहुत समय लगता है। राग और द्वेष ऐसे जाल हैं, जो आपको अनमोल खजाने से दूर रखते हैं। याद रखिए, इस भौतिक संसार में कोई भी चीज आपको तृप्ति नहीं दे सकती। बाहरी दुनिया में संतुष्टि खोजने वाला मन अधिक अतृप्त हो जाता है और यह अतृप्ति बढ़ती ही जाती है; शिकायतें व नकारात्मक स्वभाव दिमाग को कठोर बनाने लगते हैं, वे सजगता को ढक देते हैं और वातावरण में नकारात्मकता का विष फैला देते हैं। जब नकारात्मकता शिखर छूती है, तब एक अत्यधिक फूले हुए गुब्बारे की तरह फूट जाती है और फिर से दिव्यता में आ जाती है।

आप ईश्वर से कभी बच नहीं सकते, चाहे आप नकारात्मकता का लंबा रास्ता अपनाओ या तुरंत पहुंचाने वाला सकारात्मक मार्ग। जब दिव्यता उदित होती है, तब परिवर्तन तुरंत होता है- असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ पदार्थ से प्रज्ज्वलित आत्मा की ओर!

शख्सियत — बरिन्द्र कुमार घोष

## भारतीय क्रांतिकारी और पत्रकार



अरबिंदो घोष के छोटे भाई बरिन्द्र कुमार घोष एक भारतीय क्रांतिकारी और पत्रकार थे। इंग्लैंड में जन्म होने के कारण उन्होंने देवघर में शिक्षा और सैन्य प्रशिक्षण बड़ौदा से प्राप्त किया। वह अरबिंदो से अत्यधिक प्रभावित थे और इस प्रकार, क्रांतिकारी आंदोलन में शामिल हो गए। वह जतीन्द्र नाथ बनर्जी (एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, जिन्हें निरालाम्बा स्वामी के नाम से भी जाना जाता है) के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे।

बरिन्द्र घोष का जन्म 5 जनवरी 1880 को लंदन के पास एक बंगाली कायस्थ परिवार में क्रॉयडन में हुआ था, हालांकि उनका पैतृक गांव वर्तमान पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कोननगर था। उनके पिता, डॉ. कृष्णधन घोष, एक चिकित्सक और जिला सर्जन थे। उनकी मां स्वर्णलता ब्रह्मो धार्मिक और समाज सुधारक, विद्वान राजनारायण बसु की बेटी थीं। बाद के जीवन में क्रांतिकारी और अध्यात्मवादी, अरबिंदो घोष बारींद्रनाथ के तीसरे बड़े भाई थे। उनके दूसरे बड़े भाई, मनमोहन घोष, अंग्रेजी साहित्य के विद्वान, कवि और प्रेसीडेंसी कॉलेज, कलकत्ता और ढाका विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। उनकी एक बड़ी बहन भी थीं जिनका नाम सरोजिनी घोष था।

वर्ष 1906 में बरिन्द्र कुमार ने बांग्ला साप्ताहिक जुगांतर का प्रकाशन किया। बाद में बंगाल में एक फिटनेस क्लब की आड़ में गुप्त क्रांतिकारी शाखा जुगांतर का गठन किया गया। उन्होंने, जतीन्द्रनाथ मुखर्जी (या बाघा जतिन) के साथ, युवा क्रांतिकारियों की भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मानिकतला, कोलकाता, एक गुप्त स्थान के रूप में उभरा जहाँ क्रांतिकारी बम बनाते थे, और हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा करते थे।

मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड (1908) की हत्या के प्रयास के बाद गहन पुलिस जांच में, बरिन्द्र और अरबिंदो को अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ 2 मई 1908 को गिरफ्तार कर लिया गया। अलीपुर बम कांड में बरिन्द्र घोष और उल्लासकर दत्ता (जुगांतर पार्टी के सदस्य) को मौत की सजा सुनाई गई। देशबंधु चितरंजन दास के हस्तक्षेप से सज़ा को घटाकर आजीवन कारावास में बदल दिया गया। 1909 में, बरिन्द्र कुमार को सेलुलर जेल, अंडमान में निर्वासित कर दिया गया। जेल से रिहा होने के बाद, बरिन्द्र ने अपना पत्रकारिता करियर शुरू किया और दैनिक बासुमती और स्टेट्समैन से जुड़े।18 अप्रैल 1959 को उनका निधन हो गया।

जीवन ऊर्जा — कोनराड हरमन जोसेफ : जन्म - 5 जनवरी 1876 — जन्म

## अनुभव वे बीज हैं, जिनसे ज्ञान विकसित होता है

कोनराड हरमन जोसेफ एडेनॉयर एक जर्मन राजनेता थे, जिन्होंने 1949 से 1963 तक जर्मनी के संघीय गणराज्य के पहले चांसलर के रूप में कार्य किया। 1946 से 1966 तक, वह थे क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के पहले नेता, एक नई स्थापित ईसाई-लोकतांत्रिक पार्टी, जो उनके नेतृत्व में देश में प्रमुख ताकत बन गई।उनका जन्म 5 जनवरी 1876कोलोन, प्रशिया साम्राज्य, जर्मन साम्राज्यऔर निधन 19 अप्रैल 1967 को हुआ।



अतीत में पीछे मुड़कर देखने का अर्थ केवल तभी है जब यह भविष्य के लिए उपयोगी हो। जब दुनिया बड़ी और जटिल लगती है, तो हमें यह याद रखना होगा कि महान विश्व आदर्श किसी न किसी घरेलू पड़ोस से शुरू होते हैं। हम सभी एक ही आसमान के नीचे रहते हैं, लेकिन हम सभी का क्षितिज एक जैसा नहीं है।

तात्कालिक युग में, शायद हमें इस प्राचीन सत्य को फिर से सीखना चाहिए कि धैर्य की भी अपनी जीत होती है। जब हर कोई सोचता है कि यह अंत है, तो हमें शुरुआत करनी होगी। हम सभी एक ही आसमान के नीचे रहते हैं, लेकिन हम सभी का क्षितिज एक जैसा नहीं है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ईश्वर ने मनुष्य की बुद्धि को सीमित किया, यह अनुचित लगता है कि उसने उसकी मूर्खता को भी सीमित नहीं किया। पैसे के बारे में समाजवादी जो कुछ भी समझते हैं वह यह है कि वे इसे दूसरों से चाहते हैं। अनुभव वे बीज हैं जिनसे ज्ञान विकसित होता है। इतिहास उन चीजो का कुल योग है जिन्हें टाला जा सकता था। मुझे कल की गई अपनी बातचीत से क्या फ़र्क पड़ता है?

पहले खुद को अलोकप्रिय बनाओ, फिर तुम्हें गंभीरता से लिया जाएगा। भगवान ने पेट को इस तरह से डिज़ाइन किया है कि जो उसके लिए बुरा है उसे बाहर निकाल सके, लेकिन मानव मस्तिष्क को नहीं। राजनीति की कला यह जानने में निहित है कि कब प्रतिद्वंद्वी को बेल्ट से थोड़ा नीचे मारना आवश्यक है। मैं फिर से जवान होने के लिए नहीं कहता है मैं बस यही चाहता हूं कि मैं बूढ़ा होता चला जाऊं। जैसे ही आप जटिल होते हैं, आप निष्प्रभावी हो जाते हैं। केवल सबसे मूर्ख बछड़े ही अपना कसाई चुनते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# तीर्थराज प्रयागराज की अद्भुत महिमा



तीर्थराज प्रयाग को धर्म अर्थ काम और मोक्ष का प्रदाता कहा गया है। हिन्दु संस्कृति में बार-बार जन्म लेकर मृत्यु तक यानि जन्म और मरण के अनवरत चक्र से मुक्ति के लिए मोक्ष की संकल्पना की गई है।

मान्यताओं के अनुसार कुम्भ कल्पवास के दौरान दान-पुण्य कर्म एकत्रित कर व्यक्ति चौरासी लाख योनियों के आवागमन चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है, जिससे जन्ममरण की वेदना समाप्त हो जाती है।

जनवरी 2025 में प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुम्भ के रूप में आयोजित हो रहा है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों भक्तों का आगमन, गंगा-यमुना अदृश्य सरस्वती का संगम स्नान, कल्पवास होगा। नदियों के साथ-साथ यहां ज्ञान की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित होती है। सदियों से महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज की भू-धरा पर ज्ञान-विज्ञान अध्यात्म ज्योतिष आदि प्राच्य विद्याओं की चर्चा गोष्ठि या प्रवचन भारतीय संस्कृति को पल्लवित करती आई है। प्रयाग महात्म्य के अनुसार अनादिकाल से प्रयागराज ज्ञान और भक्ति का सर्वश्रेष्ठ स्थान रहा है। प्रयाग में त्रिवेणी के तट पर केवल गंगा यमुना तथा अदृश्य सरस्वती का संगम ही नहीं, अपितु अनेकानेक सम्प्रदायों संस्कृतियों एवं ज्ञान वैराग्य और भक्ति का भी अद्भुत संगम विद्यमान है।

शास्त्रों के अनुसार जहां गंगा यमुना और सरस्वती तीनों का संगम हो वह ब्रह्मलोक और विष्णु लोक के बराबर का स्थान हो जाता है। महर्षि वेदव्यास के अनुसार तीर्थराज प्रयाग में यज्ञ करना या यज्ञ आदि क्रियाओं में सम्मिलित होने से मनुष्य के सारे पाप पुण्य में परिवर्तित हो जाते हैं। ऐसी तीर्थराज प्रयाग की अद्भुत महिमा है। तीर्थराज प्रयाग एक ऐसा पावन स्थल है, जिसकी महिमा अधिकांश धर्म ग्रंथों में वर्णित है।

समुद्र पर्यन्त इस पृथ्वी में जितने भी तीर्थ हैं, उन सबमें श्रेष्ठ तीर्थराज प्रयागराज की महिमा वेदों से लेकर विभिन्न शास्त्रोंधर्मग्रंथों पुराणों और परवर्ती साहित्य में प्रचुर रूप से वर्णित है। उसे समस्त तीर्थों के पुण्यफलों का प्रदाता और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इस चतुर्वर्ग की प्राप्ति का साधन बताया गया है।

धर्मशास्त्रों में वर्णित है कि प्रयागराज के दर्शन करने तीर्थराज का नामोच्चारण करने से या शरीर पर उसकी मृत्तिका संगम की रेती का स्पर्श करने मात्र से ही मनुष्य पाप मुक्त हो जाता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

### वाइब्रेंट विलेज योजना



पहले हमारे देश के सीमावर्ती गांवों को लेकर सोच क्या थी। उन्हें देश का आखिरी गांव कहा जाता था। हमने ये सोच बदली। हमने बताया कि सूरज की पहली और आखरी किरण यहां पड़ती है। इनके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की।
**-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### चादर तो हर कोई भेजता रहेगा



चादर भेजने के पीछे सरकार जो पैगाम देती है वो ये होती है कि हम सिर्फ चादर नहीं भिजवा रहे हैं बल्कि उस समुदाय को, जो आस्था रखती है, उसे हम मानते हैं।
**-असदुद्दीन ओवैसी,** एआईएमआईएम नेता

### दिल्ली कूच करेंगे किसान



इस बार जब किसान आंदोलन होगा तो किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे. लेकिन दिल्ली को अंदर से घेरने के बजाय केएमपी को घेरा जाएगा। **-राकेश टिकैत,** किसान नेता

### गंभीर आरोप



मंत्री आशीष पटेल एसटीएफ से अपनी जान का खतरा बता रहे हैं। वह कह रहे हैं कि हिम्मत हो तो मेरे सीने में गोली मारो। मेरे 31 साल के राजनीतिक करियर में यह पहली घटना है जब सरकार के किसी मंत्री ने ऐसा गंभीर आरोप लगाया है।
**-अजय राय,** कांग्रेस नेता

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मीरा रोड में युवक की हत्या

**▶▶ बदमाश ने सिर में मारी गोली**
**▶▶ पहले भी मिल चुकी थीं धमकियां**

**डीबीडी संवाददाता | मीरा रोड**

मुंबई से सटे मीरा रोड में शुक्रवार रात एक कारोबारी की हत्या से सनसनी फैल गई। नकाबपोश बदमाश ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।यह घटना मीरा रोड स्थित शांति शॉपिंग सेंटर की है। जहां 35 वर्षीय व्यवसायी तबरेज अंसारी को गोली मारी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।



### जांच शुरू

मीरा रोड पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोली मारने वाले बदमाश की तलाश की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ जारी है। पुलिस ने घटनास्थल से कई साक्ष्य जुटाए हैं। घटना रात करीब 10 बजे की है। फायरिंग और हत्या की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस के मुताबिक, बदमाश ने एक राउंड फायरिंग की थी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### कई दिनों से मिल रही थीं धमकियां

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक तबरेज अंसारी एक अपराध मामले में गवाह था और पिछले कुछ दिनों से उसे धमकियां मिल रही थीं। उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। लेकिन शुक्रवार रात अज्ञात बदमाश ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 10 बजे अज्ञात हमलावर ने अंसारी के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। तबरेज की शांति शॉपिंग सेंटर में चश्मे की दुकान थी। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

### नकाब से ढक रहा था चेहरा

पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) अविनाश अंबुरे ने मीडिया को बताया कि हत्यारे ने अपना चेहरा नकाब से ढक रखा था। इस अपराध में एक देशी हथियार का इस्तेमाल किया गया। हमलावर ने पिस्तौल से एक राउंड गोली चलाई। उसने व्यवसायी के सिर पर बिल्कुल नजदीक से गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गोली चलाने वाले बदमाश की तलाश की जा रही है।

# अंगड़िया वेलफेयर एसोसिएशन में चुनाव संपन्न

**▶▶ नई कार्यकारिणी नियुक्त**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अंगड़िया वेलफेयर एसोसिएशन में चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें पूर्ण बहुमत एवं सबके समर्थन से गणेश महादेव पांडेय को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही संगठन की नई कार्यकारिणी में विद्याचरण शुक्ला को जनरल सेक्रेटरी, सौरभ दीक्षित को कोषाध्यक्ष, रामदास गीते को उपाध्यक्ष, उदय बरगे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।



### संगठन के संचालन के लिए नई नीति

संगठन के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी सदस्यों से 3000/- रुपए प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। इस राशि का उपयोग संगठन के कार्यालय खर्च, स्टाफ का वेतन, यात्रा खर्च, फोन इत्यादि के लिए किया जाएगा। संगठन में यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी सदस्य एकदूसरे की पार्टी में मोलभाव नहीं करेगा और कोई तोड़-फोड़ नहीं करेगा। सभी सदस्य केवल निर्धारित दर पर ही काम करेंगे। कम दर पर काम करने का दोषी पाए जाने पर 21000/- रुपए जुर्माना और 2 दिन की बुकिंग बंद करने की सजा दी जाएगी। यह नियम सभी सदस्यों पर लागू होगा। संगठन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 15 जनवरी 2025 से बुकिंग समय 12 बजे दिन से 11 बजे रात तक ही होगा। इसके अलावा, केवल जो फॉर्म भरेंगे, वही ट्रांसपोर्ट का माल बुक कर पाएंगे। कोई दूसरा व्यक्ति किसी अन्य का माल बुक नहीं करेगा। अगली बैठक 08 फरवरी 2025 को श्री कृष्ण मुरारी होटल में होगी। बैठक का समय शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। संगठन के सभी सदस्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे संगठन के नियमों का उल्लंघन नहीं करेंगे। सभी एकजुट होकर नियमों का पालन करेंगे। उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व महापौर स्व. आर. आर. सिंह की जयंती पर माता की चौकी का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के पहले उत्तर भारतीय महापौर स्वर्गीय आर. आर. सिंह की 87वीं जयंती के अवसर पर माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 को शाम 6 बजे से आर. आर. सभागृह, आर. आर. एजुकेशनल ट्रस्ट मार्ग, म्हाडा, मुलुंड (पूर्व) में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में प्रसिद्ध गायक दिलीप सिंह डडवाल अपनी प्रस्तुति देंगे।



### मुख्य अतिथि होंगे मौजूद

इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड़, सांसद संजय दीना पाटील, पूर्व सांसद रमेश दूबे, मनोज कोटक, पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, चंद्रकांत त्रिपाठी, विधायक मिहिर कोटेचा, रामबक्ष सिंह, प्रेनिल नायर और राकेश शेट्टी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## अंतर विद्यालयीन सीरतुन्नबी भाषण प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल को प्रथम पुरस्कार

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

केएमई सोसाइटी हाई स्कूल वडौली द्वारा शनिवार, 4 जनवरी 2024 को इंटर-स्कूल सीरतुन्नबी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल के ग्राउंड पर सुबह 9:30 बजे हुआ, जिसमें विभिन्न हाई स्कूलों के 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट भाषण से दर्शकों को प्रभावित किया।



### रईस हाई स्कूल के छात्र की शानदार सफलता

इस प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के छात्र अब्दुल्ला साजिद अनवर (8वीं, ए) ने दिलों में इश्के सुन्नत की कमी मालूम होती है, जिधर देखो उधर ही गुमराही मालूम होती है विषय पर सर्वश्रेष्ठ भाषण प्रस्तुत किया। उनके भाषण को सभी जजों ने सराहा और उन्हें प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।

### मार्गदर्शन में शिक्षक का योगदान

साजिद अनवर की सफलता में उनके मार्गदर्शक शिक्षक साजिद अनवर सर का महत्वपूर्ण योगदान था। यह पुरस्कार उनके मेहनत और मार्गदर्शन का ही परिणाम था।

### सर्वश्रेष्ठ लेखक का पुरस्कार भी मिला

साजिद अनवर को उनके अद्भुत भाषण के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके लेखक के रूप में प्रतिभा का प्रमाण था। उनके भाषण में सुन्नत के महत्व और समाज में उसकी कमी पर गहरे विचार व्यक्त किए गए थे, जो श्रोताओं के दिलों में गहरे प्रभाव डाल गए।

# अपने घर का सपना होगा पूरा

## म्हाडा ने नासिक में निकाली 555 नए फ्लैट्स की लॉटरी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नासिक**

अगर आप भी नासिक में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे हैं तो आपके पास एक बेहतरीन मौका है। महाराष्ट्र राज्य हाइसिंग बोर्ड (MHADA) जो राज्य में आम आदमी को किफायती घर उपलब्ध कराता है। अब नए साल में भी नासिक में लॉटरी आयोजित करेगा। भूमि के टुकड़े करने वाली परियोजनाओं की जांच से पुणे शहर में उपलब्ध आवास इकाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जांच शुरू होने के बाद से महाराष्ट्र हाउसिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी म्हाडा ने 1485 अपार्टमेंट प्राप्त किए हैं, जिनमें से 157 परियोजनाओं से 1328 इकाइयां पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, 9 परियोजनाओं से 555 अन्य अपार्टमेंट जल्द ही कम आय वाले नागरिकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार की 20% समावेशी आवास योजना का उद्देश्य कम आय वाले परिवारों को किफ़ायती घर उपलब्ध कराना है लेकिन शहर के डेवलपर्स पर योजना को दरकिनार करने के लिए समीपवर्ती भूमि को खंडित करने का आरोप लगाया गया है। इस प्रथा की जांच के कारण म्हाडा और मनपा के बीच विवाद पैदा हो गया है। जांच के परिणामस्वरूप, म्हाडा को 1484 अपार्टमेंट उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 1328 पहले ही कम आय वाले परिवारों को वितरित किए जा चुके हैं। ये अपार्टमेंट 157 परियोजनाओं का हिस्सा हैं, और 9 परियोजनाओं के अतिरिक्त 555 अपार्टमेंट अगले सप्ताह के भीतर लॉटरी सिस्टम के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। म्हाडा लॉटरी योजना कम आय वाले परिवारों को किफ़ायती आवास उपलब्ध कराने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। यह योजना रियायती दरों पर अपार्टमेंट प्रदान करती है, जिनकी कीमत 5 लाख रुपए से लेकर 1.11 करोड़ रुपए तक है।

# सूरत स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली ट्रेनों में अस्थायी बदलाव

**डीबीडी संवाददाता | सूरत**

सूरत भारत के सबसे तेजी से विकसित होने वाले शहरों में से एक है। यह न केवल व्यापार और वाणिज्य का केंद्र है, बल्कि देशभर से इसकी गहरी कनेक्टिविटी भी इसे एक महत्वपूर्ण स्थान बनाती है। पश्चिम रेलवे ने सूरत के महत्व को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों में स्टेशन के पुनर्विकास से लेकर यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने तक शामिल है।



### यात्रियों के लिए लाभ

सूरत स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ कम होगी। यात्री सेवाओं में सुधार होगा। बेहतर और उन्नत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को जल्दी पूरा किया जा सकेगा।

### पहले चरण की उपलब्धियां

ईआई बिल्डिंग शिफ्टिंग, आरपीएफ बैरक, अस्पताल यूनिट और रनिंग रूम का निर्माण पूरा हो चुका है। प्लेटफॉर्म 4 पर कॉनकोर्स का काम भी पूरा हो गया है।

### सूरत स्टेशन का पुनर्विकास: प्रगति की दिशा में एक कदम

सूरत स्टेशन का पुनर्विकास कार्य ज़ोर-शोर से जारी है। यह कार्य सूरत इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (SITCO) द्वारा किया जा रहा है, जो भारतीय रेल और गुजरात सरकार के बीच एक विशेष साझेदारी है।

### अस्थायी टर्मिनल बदलाव: ट्रेनों का स्थानांतरण

प्लेटफॉर्म 2 और 3 पर कार्य शुरू करने के लिए 8 जनवरी, 2025 से ब्लॉक लगाया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सूरत स्टेशन से चलने और समाप्त होने वाली कई ट्रेनें अस्थायी रूप से उधना स्थानांतरित की जाएंगी। भेस्तान और नवसारी स्टेशनों से भी कुछ ट्रेनें शॉर्ट ओरिजिनेट/टर्मिनेट होंगी।

### प्रमुख तथ्य

- लागत और समय सीमा: पुनर्विकास का अनुमानित बजट 980 करोड़ रुपये है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब (MMTH): सूरत स्टेशन को रेलवे, GSRTC सिटी बस, बीआरटीएस, और मेट्रो के लिए एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- वास्तुशिल्प डिज़ाइन: स्टेशन को आधुनिक और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है।

# महाकुंभ मेले के दौरान तीन वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाएगी पश्चिम रेलवे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए मुंबई सेंट्रल - लखनऊ, भावनगर टर्मिनस - लखनऊ और साबरमती - लखनऊ के बीच विशेष किराये पर तीन वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।



### भावनगर टर्मिनस-लखनऊ वन-वे स्पेशल

ट्रेन संख्या 09235 भावनगर टर्मिनस- लखनऊ स्पेशल बुधवार, 08 जनवरी, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 20:20 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 04:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में भावनगर परा, ढोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम, चांदलोडिया, कलोल, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

### मुंबई सेंट्रल-लखनऊ वन-वे स्पेशल

ट्रेन संख्या 09011 मुंबई सेंट्रल-लखनऊ स्पेशल सोमवार, 06 जनवरी, 2025 को मुंबई सेंट्रल से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

### साबरमती-लखनऊ वन-वे स्पेशल

ट्रेन संख्या 09469 साबरमती-लखनऊ स्पेशल सोमवार, 06 जनवरी, 2025 को साबरमती से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल द्वितीय श्रेणी के कोच होंगे।

## चंद्रप्रकाश चौहान बने मीरा भायंदर जिले के भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रभारी

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर/मीरा भायंदरः भाजपा महाराष्ट्र ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष संजय गाते ने नए साल के पहले दिन एक नई सूची जारी की, जिसमें चंद्रप्रकाश चौहान को मीरा भायंदर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया। इससे पहले चौहान जिले के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। चंद्रप्रकाश चौहान को यह नई जिम्मेदारी पार्टी के संगठन को मजबूत करने और ओबीसी समाज को भाजपा से जोड़ने के लिए दी गई है। इस नियुक्ति को भाजपा की संगठनात्मक मजबूती के कदम के रूप में देखा जा रहा है।



### समाज का समर्थन और स्वागत समारोह

चौहान की इस नियुक्ति पर चौहान एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान चंद चौहान, रामसिंह चौहान, रामायण चौहान, हरिश्चंद्र चौहान, तेजप्रताप चौहान, और अन्य समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

### ओबीसी समाज को जोड़ने का लक्ष्य

मीरा भायंदर में चौहान की नियुक्ति को पार्टी के ओबीसी समुदाय तक अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। चंद्रप्रकाश चौहान ने कहा कि यह जिम्मेदारी हमारे समाज और पार्टी के लिए सेवा का एक नया अवसर है।

## राशिफल | प्रियंका जैन

**मेष** — आज माता का एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहूंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा।

**वृष** — आज पत्नी के भाग्य का साथ आपको मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**मिथुन** — दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। आज घरेलू कार्य में फिजूलखर्ची ज्यादा होगी।

**कर्क** — आज कारोबार में अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं।

**सिंह** — आज प्रॉपर्टी को लेकर कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। अचानक कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। कार्यस्थल पर किसी बाहरी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें।

**कन्या** — व्यावसायिक यात्रा आज सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। अचानक धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। संतान के भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा।

**तुला** — आज व्यापार में नई कार्य योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक** — नौकरीपेशा को कार्यस्थल पर लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अविवाहितों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। संतान को शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। व्यापारी वर्ग को चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** — पिता के स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार में विवाद से क्लेश हो सकता है। रुपये-पैसे के लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है।

**मकर** — आज की आस-पास के क्षेत्र की व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** — आज नौकरी में अतिरिक्त अधिकार मिल सकते हैं। घर में सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन खरीदी संबंधी नई योजना बनेगी। कारोबार में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। पत्नी के भाग्य का साथ मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मीन** — व्यापार में अपने विवेक का प्रयोग करेंगे, तो समस्याएं कम होंगी। संतान को शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय बना रहेगा। कारोबार की यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा।

# पीपल द्वारा नवग्रह दोष दूर करने के उपाय

### राहू

जिन नक्षत्रों के स्वामी राहू है उन नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न प्रयोग करने चाहिए...

(अ) जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल वृक्ष की 21 परिक्रमा करना।
(आ) शनिवार वाले दिन पीपल पर शहद चडाना।
(इ) पीपल पर लाल पुष्प जन्म नक्षत्र वाले दिन चडाना।
(ई) जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल के नीचे गौमूत्र मिले हुए जल से स्नान करना।
(उ) पीपल के नीचे किसी गरीब को मीठा भोजन दान करना।

### केतु

जिन नक्षत्रों के स्वामी केतु है, उन नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न उपाय कर अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए।

(अ) पीपल वृक्ष पर प्रत्येक शनिवार मोतीचूर का एक लड्डू या इमरती चडाना।
(आ) पीपल पर प्रति शनिवार गंगाजल मिश्रित जल अर्पित करना।
(इ) पीपल पर तिल मिश्रित जल जन्म नक्षत्र वाले दिन अर्पित करना।
(ई) पीपल पर प्रत्येक शनिवार सरसों का तेल चडाना।
(उ) जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल की एक परिक्रमा करना।
(ऊ) जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल की थोडीसी जटा लाकर उसे धूप दीप दिखा कर अपने पास सुरक्षित रखना।







प्रियंका जैन
9769994439

अथर्ववेदके उपवेद आयुर्वेद में पीपल के औषधीय गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। पीपल के वृक्ष के नीचे मंत्र, जप और ध्यान तथा सभी प्रकार के संस्कारों को शुभ माना गया है। श्रीमद्भागवत् में वर्णित है कि द्वापर युग में परमधाम जाने से पूर्व योगेश्वर श्रीकृष्ण इस दिव्य पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान में लीन हुए। यज्ञ में प्रयुक्त किए जाने वाले 'उपभृत पात्र' (दूर्वी, स्त्रुआ आदि) पीपल-काष्ट से ही बनाए जाते हैं। पवित्रता की दृष्टि से यज्ञ में उपयोग की जाने वाली समिधाएं भी आम या पीपल की ही होती हैं। यज्ञ में अग्नि स्थापना के लिए ऋषिगण पीपल के काष्ठ और शमी की लकड़ी की रगड़ से अग्नि प्रज्वलित किया करते थे।ग्रामीण संस्कृति में आज भी लोग पीपल की नयी कोपलों में निहित जीवनदायी गुणों का सेवन कर उम्र के अंतिम पडाव में भी सेहतमंद बने रहते हैं।

आयुः प्रजांधनंधान्यंसौभाग्यंसर्व संपदं।
देहिदेवि महावृक्षत्वामहंशरणंगतः॥

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



**खबर संक्षेप**

### कुख्यात के बर्थडे पार्टी में बार बाला से छेड़खानी



**भभुआ।** बिहार के भभुआ जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के फकराबाद में दोस्त की बर्थडे पार्टी में बार बाला के साथ छेड़खानी करने पर दोस्त ने ही दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या बर्थडे पार्टी से लौटने के दौरान फकराबाद मुड़ी गांव के बीच शुक्रवार की रात लगभग 2:00 बजे की गई है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त सभी अपराधियों की पहचान कर ली है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### परसदा गांव में संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत

**धनसोई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परसदा गांव में एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात की है। जिसे लेकर पुलिस मृतक के मोबाइल को जब्त कर उसकी सीडीआर निकालकर जांच करने में जुटी है। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंचकर जांच करने में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए बक्सर भेज दिया गया।

### अधीक्षक के ठिकानों पर छापेमारी पर बड़ा दावा

**बेऊर।** बिहार के पटना स्थित बेऊर जेल के अधीक्षक के विभिन्न ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति मामले में शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की टीम ने छापेमारी की। केंद्रीय कारा बेउर के अधीक्षक विधु कुमार के गांव स्थित पैतृक घर और जेल परिसर के पास स्थित सरकारी आवास पर आर्थिक अपराध इकाई ने शनिवार की सुबह धावा बोला। आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच के लिए पहुंचे हैं।

### साइबर अपराध के 14 मुकदमों में 25 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर पुलिस ने इस सप्ताह में साइबर अपराध के 14 मुकदमों में 25 आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह लाख 35 हजार 360 रुपए बरामद किए है। वहीं 151 शिकायतों का निस्तारण कर 4 लाख 45 हजार 529 रुपए बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बतलाया कि फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने 28 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक 14 मुकदमों को सुलझाते हुए 25 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।

प्रयाग के बाद काशी बनती महाकुंभ का पड़ाव

# गंगा तट पर सजेगा मिनी कुंभ

**जूना सहित सभी 13 अखाड़ों के हजारों नागा साधु पहुंचेंगे बाबा विश्वनाथ की नगरी**

**महाशिवरात्रि को निकलेगी राजसी सवारी, एक घंटे तक नागा साधू करेंगे बाबा की आराधना**

एजेंसी | वाराणसी

संगम तट पर द्वादशवर्षीय कुंभ में उमड़े 13 अखाड़ों के नागा साधू वसंत पंचमी के स्नान के बाद बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की ओर चल देते हैं। फिर यहां सजता है गंगा तट पर मिनी कुंभ। इस पार के घाटों से लेकर उस पार रेती तक और विभिन्न मठों, आश्रमों, धर्मशालाओं में नागा साधुओं का डेरा पड़ जाता है, सज जाती है तंबुओं की नगरी, हर ओर दिखता है भगवा-भभूत का रेला, अद्भुत लगता है अध्यात्म का मेला। फिर तो होली पर्व तक हजारों नागाओं की चहलकदमी काशी में गंगा से लेकर बाबा विश्वनाथ के दरबार तक बनी रहती है। अनेक अद्भुत विधियों से साधना करते नागाओं के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु यहां उमड़ते हैं। काशी में होने वाले इस मिनी कुंभ की तैयारियों में प्रशासन व मठ-मंदिर जुट गए हैं।



### चार शैव अखाड़ों के मुख्यालय व सभी 13 अखाड़ों की शाखाएं हैं काशी में

आदि शंकराचार्य द्वारा धर्म रक्षा के लिए स्थापित किए गए नागा साधुओं सभी 13 अखाड़ों में सबसे बड़े अखाड़े श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े सहित चार प्रमुख शैव सन्यासी अखाड़ों का मुख्यालय काशी में ही है। इनमें हनुमान घाट पर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा, दशाश्वमेध घाट पर श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा, हनुमान चैक कपिलधारा में श्री पंच अटल अखाड़ा, शिवाला घाट पर महानिरंजनी अखाड़ा के मुख्यालय हैं। इनके अतिरिक्त राजघाट पर श्रीअग्नि अखाड़ा, कपिलधारा पर आनंद अखाड़ा, पद्मश्री सिनेमा के पास कुरुक्षेत्र पोखरा पर वैष्णव संप्रदाय के बड़ा उदासीन अखाड़ा, निर्मल अखाड़ा निर्मोही अखाड़ा, अनी अखाड़ा आदि। सभी 13 अखाड़ों की शाखाएं हैं। इन मुख्यालयों व शाखाओं में हजारों सन्यासी रहते हैं।

### आठ फरवरी को होगा जूना अखाड़े का नगर प्रवेश, 12 को शोभायात्रा

श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के पुजारी संतोष मिश्र ने बताया कि जूना अखाड़ा के साथ ही अग्नि और आवाहन अखाड़ों के नागा सन्यासी महाकुंभ में वसंत पंचमी पर संगम स्नान के बाद काशी की ओर प्रस्थान करेंगे। इनके साथ ही या बाद में अटल और निरंजनी अखाड़ों के सन्यासी भी आ जाते हैं। वाहनों, घोड़ों के माध्यम से तथा पैदल चलकर काशी सभी सन्यासी काशी पहुंचते हैं। आठ फरवरी को रमता पंच के नेतृत्व में बाजे-गाजे व हाथी-घोड़ों, रथों तथा पैदल सन्यासियों की भव्य शोभायात्रा में पूरे लाव-लश्कर व अस्त्र-शस्त्रों के साथ उनका नगर प्रवेश होगा। स्थानीय साधू-संत व अखाड़. के अधिकारी-कर्मचारी, प्रशासन के लोग तथा काशीवासी मोहन सराय के पास उनकी अगवानी करेंगे। अधिकांश सन्यासी बैजनत्था स्थित जपेश्वर मठ पर रुक जाते हैं। फिर 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर जपेश्वर मठ से उनकी शोभायात्रा निकलेगी।

### महाशिवरात्रि को निकलेगी राजसी सवारी

परंपरा के अनुसार जूना अखाड़े के नागा सन्यासियों की राजसी यात्रा महाशिवरात्रि पर्व पर हनुमान घाट स्थित मुख्यालय से निकलती है। रथों, घोड़ो, हाथियों पर सवार आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, थानापति आदि नागा साधू अपने अस्त्र-शस्त्रों के साथ भूत-भभूत, रुद्राक्ष से सज-धजकर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की ओर प्रातः काल प्रस्थान करते हैं। इस शोभायात्रा में लगभग पांच-छह हजार नागा साधू होते हैं। इनमें जूना के अतिरिक्त अग्नि, आवाहन, निरंजनी, अटल अखाड़ों के सन्यासी भी शामिल होते हैं। यह राजसी सवारी बाबा दरबार में पहुंचती है। उस दौरान मंदिर परिसर को आम श्रद्धालुओं से खाली करा लिया जाता है। लगभग घंटे भर बाबा विश्वनाथ के पूजन-अर्चन, अभिषेक के पश्चात नागा सन्यासियों का यह समूह वहां से निकलता है और फिर होली तक काशी में गंगा स्नान, बाबा के दर्शन-पूजन आदि के साथ जप-तप, साधना में लगा रहता है।

पुलिस ने प्रदीप हत्याकांड का किया राजफाश

## माजिदा से बनी थी नेहा, फिर पति को उतारा था मौत के घाट

एजेंसी | नैनी

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया था। कांशीराम कालोनी में रहने वाले 36 वर्षीय प्रदीप प्रजापति का कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी नेहा ने ही किया था। नेहा को गिरफ्तार करते हुए नैनी पुलिस ने इस हत्याकांड का राजफाश किया।



### पहले प्रेम विवाह

पुलिस का कहना है कि नैनी थाना क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी प्रदीप प्रजापति पुत्र मंगला प्रजापति शहर के शाहगंज मोहल्ले में रहता था। 10 साल पहले उसने मुहल्ले में रहने वाली माजिदा से प्रेम विवाह कर लिया था। हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने के बाद उसने पत्नी का नाम नेहा रख दिया था। इसके बाद दोनों लोग कांशीराम कालोनी नैनी में रहने लगे थे। प्रदीप मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। एक सप्ताह पहले प्रदीप की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने पूछताछ की नेहा ने बताया कि प्रदीप ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई है।

### पत्नी ही पति की कातिल निकली

पोस्टमार्टम में गला कसने से मौत की पुष्टि हुई तो पुलिस ने संदेह के आधार पर नेहा को उठा लिया। पूछताछ में वह टूट गई और पूरी कहानी बयां कर दी। बताया कि एक साल पहले मोबाइल पर उसकी दोस्ती राजस्थान निवासी सुरजीत गुप्ता नामक युवक से हुई थी। जुलाई में वह सुरजीत के साथ राजस्थान चली गई थी। प्रदीप ने मुकदमा दर्ज कराया तो डेढ़ माह बाद पुलिस उसे राजस्थान से लेकर यहां आई थी। प्रदीप शराब पीकर घर आता तो देता सुरजीत के साथ भागने को लेकर ताना मारता। इसी से नाराज होकर उसने प्रदीप को मार डाला था।

## लालू यादव ने बुलाई बैठक, RJD ने जारी किया आदेश



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव ने 18 जनवरी को पटना में एक बड़ी बैठक बुलाई है। इस संबंध में पार्टी के महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी ने एक पत्र भी जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि पार्टी अध्यक्ष के आदेश पर यह बैठक बुलाई गई है और पार्टी के सभी बड़े नेताओं को इसमें शामिल होना आवश्यक है। बता दें कि यह बैठक उस वक्त बुलाई गई है, जब राजद प्रमुख ने बीते दिनों ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए छोड़कर महागठबंधन में शामिल होने का ऑफर दिया है। ऐसे में इस बैठक के सियासी मायने निकाले जाने लगे है। हालांकि पार्टी की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि पार्टी साल के आखिरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले समीक्षा के लिए यह बैठक बुला रही है। लेकिन बिहार की राजनीति में कब क्या हो जाए कुछ भी कहना मुश्किल है। क्यों

## एक तरफ उठा पिता का जनाजा, दूसरी तरफ घर में गूंजी किलकारी

**कुदरत का फैसला**

**जमुई।** परिवार में जब कोई नन्हा मेहमान आता है तो घर में खुशियों की बरसात हो जाती है। लेकिन उस परिवार के ऊपर क्या गुजरा होगा जब अस्पताल के एक कमरे में पिता की मौत हुई, तो उसी अस्पताल के दूसरे कमरे में एक परी का जन्म होता है। जी हां, दिल को चीरकर रख देने वाली घटना बिहार के जमुई से सामने आई है। मौत के अगले दिन जनाजा निकल रहा था तो उसी वक्त उसकी बेटी का जन्म हुआ।



### सड़क हादसे में गई पिता की जान

बता दें कि गुरुवार को जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र में नए साल की पिकनिक मनाकर लौट रहे चार युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे और उनमें से 3 की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### कुदरत के सामने बेबस नजर आया परिवार

नूरजहां खातून को प्रसव के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद परिवार के लोग मो।

चांद के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए घर लेकर चले गए। लोग जनाजे की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान नूरजहां ने एक बेटी को जन्म दिया। दोपहर 2:00 के करीब मो। चांद का जनाजा निकाला गया। एक तरफ लोग मो। चांद को आखिरी बार उसके घर से लेकर जा रहे थे। तो ठीक उसी वक्त उसकी पत्नी अपने हाथों में अपनी नवजात मासूम को लिए उसे घर में प्रवेश कर रही थी। इस घटना ने सभी के हृदय को झकझोर कर रख दिया है। जिसने भी इसके बारे में सुना वह कुदरत के इस कहर और कुदरत के इस कानून के पीछे बंद कर रह गया। बताया जाता है कि जिस वक्त मो।

चांद को जनाजे के लिए तैयार किया जा रहा था, उस वक्त उसकी पत्नी अपने पति का चेहरा भी नहीं देख पाई।



## व्यापार जगत

# कोटक, AU स्मॉल और कैपिटल-स्मॉल बैंक में निवेश करेगा HDFC

**RBI ने 9.5% हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दी**

एजेंसी | नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC को कोटक महिंद्रा बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक में निवेश की मंजूरी दी है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में HDFC बैंक ने बताया कि ग्रुप की कंपनियों जैसे HDFC म्यूचुअल फंड, HDFC लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, HDFC पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड और प्रमोटर व स्पॉन्सर को इन बैंक की टोटल 9.5% हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी मिली है।




### 2 जनवरी 2026 से पहले अधिग्रहण जरूरी

RBI ने HDFC बैंक को यह मंजूरी बीते दिन 3 जनवरी को दिया है, जो अगले साल 2 जनवरी 2026 तक मान्य है। यदि इस समय सीमा के अंदर एक्वीजीशन को अंतिम रूप नहीं दिया जाता है तो ये मंजूरी खत्म हो जाएगी। हालांकि, इस मंजूरी के तहत HDFC बैंक को यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन एंटीटीज में उसकी ग्रुप की कंपनियों की जॉइंट ओनरशिप किसी भी समय 9.5% से ज्यादा ना हो।

### बीते दिन HDFC बैंक में 2.53% की गिरावट रही

बीते दिन HDFC बैंक के शेयर में 2.53% की गिरावट रही, यह 1,748.40 पर बंद हुआ। पिछले 1 महीने में शेयर ने 6.01% का निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल अब तक भी इसके शेयर में 1.30% की गिरावट देखने को मिला है। जबकि, पिछले 6 महीने में HDFC बैंक ने केवल 1.23% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

### कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में भी 0.079% की गिरावट रही

बीते दिन कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 0.079% की गिरावट रही, यह 1,835.70 पर बंद हुआ। पिछले 1 महीने में शेयर ने 4.45% का रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल अब तक भी शेयर में केवल 3.25% की तेजी देखने को मिली है। जबकि, पिछले 6 महीने में कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर फ्लैट रहा है।

## भारत की रोटी खाएगा नेपाल



**2 लाख टन गेहूं का होगा निर्यात**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नेपाल को 2 लाख टन गेहूं निर्यात करने की अनुमति दी है। सरकार की ओर से यह फैसला दोनों देशों के बीच खाद्य सुरक्षा और आपसी सहयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस निर्णय से नेपाल में गेहूं की आपूर्ति बढ़ेगी और वहां की खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि निर्यात की अनुमति राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से दी गई है।

### नेपाल में बढ़ी गेहूं की मांग

नेपाल में हाल के महीनों में गेहूं की मांग बढ़ी है, जबकि वहां का उत्पादन घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। भारत और नेपाल के बीच वर्षों से मजबूत व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। यह कदम दोनों देशों के बीच आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को और सुदृढ़ करेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर गेहूं की आपूर्ति में कमी आई है, जिसका नेपाल देशों पर सीधा असर पड़ रहा है।

## सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

**लगातार तीसरे दिन बढ़े दाम**

**मुंबई।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। सोने की कीमत में 800 से 870 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल देखा गया है, जबकि चांदी की कीमत में 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है।

**कीमतों में उछाल**

**दिल्ली**
24 कैरेट सोना: 79,350/10 ग्राम
22 कैरेट सोना: 72,750/10 ग्राम

**मुंबई**
24 कैरेट सोना: 79,200/10 ग्राम
22 कैरेट सोना: 72,600/10 ग्राम

**अहमदाबाद**
24 कैरेट सोना: 79,250/10 ग्राम
22 कैरेट सोना: 72,650/10 ग्राम

**चेन्नई और कोलकाता**
24 कैरेट सोना: 79,200/10 ग्राम
22 कैरेट सोना: 72,600/10 ग्राम



### चांदी की चमक बढ़ी

दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 92,500 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है, जो 2,000 रुपये की उछाल को दर्शाती है।

### तेजी के कारण और असर

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजारों में मांग बढ़ने और आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते सोने और चांदी के दामों में यह बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा, शादी-ब्याह के सीजन में बढ़ी हुई खरीदारी भी इस तेजी का एक बड़ा कारण है। यात्रा और निवेश की योजना बनाने वाले ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे ताजा दरों की जांच कर खरीदारी करें।



## टमाटर किसानों का बिगाड़ रहा हाल

**नई दिल्ली।** कीमतों की वजह से आम आदमी को रुलाने वाला टमाटर एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वह कीमतों की वजह से चर्चा में नहीं है, बल्कि उत्पादन और आपूर्ति बढ़ने पर दाम गिरने की वजह से है। आज हालत यह है कि इसे पैदा करने वाले किसानों को उत्पादन लागत तक का भी भाव नहीं मिल रहा है। देश के कई हिस्सों से ऐसी खबर भी आ रही है कि उचित भाव नहीं मिलने की वजह से किसान ने कई टमाटर को टैक्टर से रौंद डाला। खुदरा सब्जी मंडियों में इसका भाव 5 से 10 रुपये तक पहुंच गया है, जो कभी 200 रुपये किलो तक था।

### बाजार में 5 रुपए किलो बिक रहा टमाटर

एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट आने से देश के कुछ क्षेत्रों में टमाटर की कीमतें 5 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र के पुणे के सब्जी बाजार में टमाटर की कीमतें 5 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इस गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की अधिक आपूर्ति और मांग में कमी है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। कई किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

## बैंक नीलामी में अब आसानी से खरीद सकेंगे फ्लैट-जमीन और गाड़ी



**नई दिल्ली।** अब बैंक की तरफ से होने वाली नीलामी में फ्लैट से लेकर आवासीय व कृषि जमीन के साथ प्लांट व मशीनरी की आसानी से खरीदारी कर सकेंगे। नीलामी प्रक्रिया को आसान एवं सभी के लिए उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम.नागाराजु ने बैंकनेट नामक पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल पर सभी सरकारी बैंक फ्लैट, मकान, जमीन, वाहन, मशीनरी, प्लांट की पूरी जानकारी देंगे। पोर्टल पर जाकर कोई भी व्यक्ति नीलाम होने वाली सभी प्रॉपर्टी की जानकारी लेकर उसमें भाग ले सकता है।

## न्यूज़ ब्रीफ



### सबालेंका और पोलिनी में होगी खिताबी टक्कर

एजेंसी । ब्रिस्बेन

दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका रविवार को सत्र के अपने पहले खिताब के लिए रूस की पोलिना कुदरमेतोवा से टकराएंगी। बेलारूस की सबालेंका ने शनिवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल ओपन के सेमीफाइनल में रूस की मीरा अंद्रीवा को आसानी से 6-3, 6-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन की चैंपियन सबालेंका ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं, पोलिना ने इंहेलिना कलिनिना को 6-4, 6-3 से हराया।



### बीसीसीआई की चैलेन्जर ट्राफी में खेलेंगी नगर की तीन खिलाड़ी

एजेंसी । कानपुर

भारतीय किकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी में खेलने के लिए नगर की तीन महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अब यह खिलाड़ी रविवार से चेन्नई में शुरु हो रही ट्राफी में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सचिव कौशल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि बीसीसीआई की ओर से घोषित एक दिवसीय चैलेन्जर ट्रॉफी टीम में केसीए की अर्चना देवी, गरिमा यादव (टीम-बी) एवं तृप्ति सिंह का चयन (टीम-सी) में किया गया है। इन खिलाडियों में अर्चना देवी (ऑफ ब्रेक गेंदबाज) तृप्ति सिंह (बल्लेबाज) एवं गरिमा यादव (मध्यम गति की तेज गेंदबाज) हैं।

### धनश्री वर्मा-युजवेंद्र चहल ले रहे तलाक!

एजेंसी । नई दिल्ली

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा के फैंस के लिए दिल तोड़ देने वाली खबर सामने आई है। पिछले कुछ दिनों से दोनों के अलगाव की खबरें मीडिया में चल रही थीं। अब उनके एक करीबी ने इस खबर की पुष्टि कर दी है, वहीं दोनों ने सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। अब जल्द ही धनश्री और युजवेंद्र अपने अलगाव पर आधिकारिक रूप से मोहर लगाने वाले हैं। सूत्र ने बताया, 'युजवेंद्र और धनश्री के अलग होने की अफवाहें सच हैं। तलाक को रोका नहीं जा सकता। जल्द ही इसका आधिकारिक ऐलान होगा।

# पंत की पारी से रोमांचक मोड़ पर मैच

- ऋषभ ने सिडनी में टी-20 अंदाज में बल्लेबाजी कर खेली ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी
- दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे जो तेज गेंदबाजों ने झटके

**भारत के पांच सबसे तेज अर्धशतक**

| गेंद | खिलाड़ी | बनाम | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 28 | पंत | श्रीलंका | बेंगलुरु | 2022 |
| 29 | पंत | ऑस्ट्रेलिया | सिडनी | 2025 |
| 30 | कपिल | पाकिस्तान | कराची | 1982 |
| 31 | शार्दुल | इंग्लैंड | द ओवल | 2021 |
| 31 | यशस्वी | बांग्लादेश | कानपुर | 2024 |

**पंत का दूसरा सबसे तेज पचासा**



**नंबर गेम**

- 16 रन यशस्वी ने स्टार्क के पारी के पहले ही ओवर में चार चौकों से बनाए जो शुरुआती ओवर में किसी भारतीय बल्लेबाज के रिकॉर्ड रन हैं
- 60 रन पंत ने अपनी पहली 30 गेंद में बटोरे जो एक पारी में दूसरे सर्वाधिक है। रिकॉर्ड के पाक मिस्बाह (65 बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2014) के नाम है

एजेंसी । सिडनी

पिछले चार मैचों में रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज सिडनी में पूरी तरह से रंग में लौट आए हैं। पहली पारी में 40 रन बनाने के बाद उन्होंने दूसरी पारी में टी-20 अंदाज में बल्लेबाजी कर मैच को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 33 गेंद में 61 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने आठ पारियों के बाद पचासा जड़ा। इससे भारतीय टीम ने पांचवें और अंतिम टेस्ट में शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बनाकर 145 रन बढ़त बना ली है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर रवींद्र जडेजा आठ और वाशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर हैं।

### तेज गेंदबाजों को मदद

पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। इसका सबूत दूसरे दिन गिरे 15 विकेट हैं जो सभी तेज गेंदबाजों के खाते में गए। अभी मैच में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है लेकिन जिस तरह की परिस्थितियां हैं उन्हें देखते हुए उसके लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं होगा। तीसरे दिन भारतीय पुछल्ले बल्लेबाज जितने रन जोड़ेंगे वह उसके लिए फायदेमंद होंगे। अगर भारतीय टीम 200 के करीब का लक्ष्य देने में कामयाब रही तो फिर कंगारुओं का एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर सीरीज जीतने का इंतजार और बढ़ सकता है। भारत को अगर लक्ष्य का बचाव करना है तो बुमराह का पूरी तरह से फिट होना जरूरी है।

### पंत ने छुड़ाए स्टार्क के छक्के

पंत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके दिखाया कि इस विकेट पर रन बन सकते हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बैकफुट पर भेज दिया था। उनकी तूफानी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। मिचेल स्टार्क की लगातार गेंद पर लगाए गए उनके छक्के दर्शनीय थे। उनकी इस पारी ने टीम को दूसरी पारी में शर्मसार होने से बचा दिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस को मजबूर होकर सीमा रेखा के पास क्षेत्ररक्षक लगाने पड़े। कमिंस ने ही पंत को विकेट के पीछे कैच करा कर अपनी टीम को राहत दिलाई।

### कोहली फिर फ्लॉप



सीम और उछाल लेती पिच पर पंत को छोड़ अन्य भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर संघर्ष करते नजर आए। इस मुश्किल विकेट पर कोहली (6) और शीर्ष क्रम के उनके साथी बल्लेबाजों के लिए बोलैंड (42/4) का सामना करना मुश्किल रहा। कोहली ने सीरीज में लगातार आठवीं बार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर अपना विकेट गंवाया। उन्होंने बोलैंड की गेंद पर स्लिप में कैच दिया। इससे उनके टेस्ट भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है। बोलैंड ने इससे पहले राहुल (13) और यशस्वी (22) को भी पेवेलियन की राह दिखाई थी।

### बुमराह की पीठ में ऐंठन



कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए हैं। उन्हें लंच के बाद सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा, उनकी पीठ में ऐंठन है। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी। बुमराह कुल मिलाकर तीन घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे।

**1 बुमराह ने बेदी का रिकॉर्ड तोड़ा**

बुमराह सीरीज में अब तक 32 विकेट चटका चुके हैं। यह किसी भारतीय गेंदबाज का एक विदेशी सीरीज में सर्वाधिक विकेट का रिकॉर्ड है। बुमराह ने दिग्गज बिशन सिंह बेदी (31 विकेट, बनाम ऑस्ट्रेलिया 1977-78) का 47 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

**2 200 से कम स्कोर**

सिडनी में 25 साल बाद दोनों टीमों ने पहली पारी में 200 से कम स्कोर बनाया। इससे पहले 1980 में ऑस्ट्रेलिया 123 और इंग्लैंड 145 पर ढेर हो गया था। वहीं मौजूदा टेस्ट सहित यह सिर्फ नौवां मौका है जब दोनों टीमें दो सौ से पहले आउट हुईं।

**3 वेबस्टर छठे खिलाड़ी**

वेबस्टर टीम का कम स्कोर होने के बाद अपने पहले ही टेस्ट में छठे या निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ने वाले छठे खिलाड़ी हैं। वह जब बल्लेबाज़ी करने आए तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 39 रन था। इस सूची में इंग्लैंड के चार्ली एब्सलोम शीर्ष पर हैं। वह 1879 में जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने तब टीम को स्कोर सात विकेट पर 26 रन था।

**4 कमिंस के बाद बोलैंड**

बोलैंड सिडनी में किसी मैच की दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेने वाले 2001 के बाद दूसरे तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले 2018 में पैट कमिंस ने इंग्लैंड के ख़िलाफ ऐसा किया था।

**5 दसवीं बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे कोहली**

इस सत्र में दसवीं बार कोहली दहाई के आंकड़े को नहीं छू पाए जो शीर्ष सात बल्लेबाजों का एक सत्र में संयुक्त सबसे खराब प्रदर्शन है। रोहित भी 2024-25 में दस बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे। कोहली का इस सीरीज़ में बल्लेबाज़ी औसत 23.75 रहा जो किसी भी टेस्ट सीरीज में नाबाद शतक बनाने वाले बल्लेबाज़ का तीसरा सबसे कम औसत है। इससे कम औसत ऑब्रे फॉल्कनर का था (19.40), जो 1912 की त्रिकोणीय सीरीज़ में था।

# सैकिया बीसीसीआई सचिव बनेंगे, भाटिया कोषाध्यक्ष



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देवजीत सैकिया ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। प्रभतेज भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया। ये दोनों अधिकारी अपनी भूमिकाओं में नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार हैं। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है क्योंकि आशीष शेलार के जाने से यह पद खाली हो गया था। शेलार ने हाल ही में महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। दूसरी ओर सैकिया एक दिसंबर को जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन बनने के बाद से बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

# अर्जुन पुरस्कार मजाक उड़ाने वालों को जवाब : नित्या

**नंबर गेम**

- 17 जनवरी को राष्ट्रपति खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर करेंगी सम्मानित
- 3 कांस्य पदक नित्या ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में जीते थे



एजेंसी । नई दिल्ली

पैरा शटलर नित्या श्री सुमति सिवन ने कहा कि अर्जुन पुरस्कार मेरा मजाक उड़ाने वालों को जवाब है। इस 19 साल की खिलाड़ी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार निराशा के उन दिनों को देखते हुए उचित सम्मान की तरह है। नित्या ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था। नित्या सहित 17 पैरा खिलाड़ियों को इस बार अर्जुन सहित विभिन्न खेल पुरस्कारों के लिए चुना गया है। नित्या ने कहा, इस साल मेरा लक्ष्य एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर होगा। अगले साल विश्व चैंपियनशिप है। मेरा लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अपने खेल के चरम पर पहुंचने का है। नित्या ने कहा, जब मैं छठीं या सातवीं कक्षा में थी तब मेरा शारीरिक विकास रुक गया था। स्कूल में मेरे खिलाफ शरारत होती थी। मैं बहुत दुखी रहती थी। मैं परेशानी होकर हर छोटी-छोटी बात पर रोती रहती थी। यह पुरस्कार उन लोगों को जवाब है कि मैं भी कुछ कर सकती हूं और बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती हूं। मैंने अपने कई साथी खिलाड़ियों को देखा है जो पुरस्कार जीत रहे हैं और उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसलिए राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक प्राप्त करना बहुत प्रतिष्ठित है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। सभी पदक और पुरस्कार मेरे लिए उपहार की तरह हैं। यह मेरी कड़ी मेहनत, खेल के प्रति समर्पण, हर दिन अभ्यास करने, हर चीज का पालन करने और अनुशासित रहने को मान्यता प्रदान करता है।

### घर से नहीं निकलती थी बाहर

तमिलनाडु के होसुर में जन्मी और पली-बढ़ी नित्या जब सिर्फ एक साल की थी, तब उनकी मां का निधन हो गया था। पिता और दादी ने उनका लालन-पालन किया और इस दौरान उनके भाई ने उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा, मैं अक्सर घर के अंदर रहती थी। मेरे पिता मुझे खेलने के लिए लगातार प्रेरित करते थे ताकि मैं घर से बाहर निकलने में संकोच न करूं। इसमें बैडमिंटन ने मेरी मदद की है। मैं अब वास्तव में स्वतंत्र महसूस करती हूं। बैडमिंटन खेलने से पहले, मैं वास्तव में ज्यादा बात नहीं करती थी। अब बिना किसी झिझक के मैं लोगों से बात करती हूं।

### क्रिकेट से शुरुआत

2022 एशियाई पैरा खेलों में तीन कांस्य जीतने वाली नित्या के पिता को खेलों से काफी लगाव है। उनके भाई ने भी जिला स्तर पर क्रिकेट खेला है। नित्या ने भी पहले क्रिकेट खेलना शुरु किया था। उन्होंने कहा, पिताजी हर रविवार को एक बड़ी टीम के साथ क्रिकेट खेलते थे। मैं उनके साथ देखने जाती थी। भाई जिला स्तर का खिलाड़ी था और मैं भी उसके साथ अकादमी में जाती थी। कभी-कभी, हम गली क्रिकेट खेलते थे।

## मुंबई के मैदानों से

### घुड़दौड़ : एज्रिनाज बेहतर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

रविवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित मुंबई घुड़दौड़ सत्र के छठें दिन की मुख्य दौड़ कैलाशपति सिंघानिया ट्रॉफी में कार्तिक गणपति द्वारा प्रशिक्षित एज्रिनाज की स्थिति बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। कुल सात दौड़ों का आयोजन किया जाएगा। पहली दौड़ दोपहर दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- मार्लबोरो मेन (प्र.), सिल्व ब्रैड (द्वि.), 2- एज्रिनाज (प्र.), गोल्डन ग्लो (द्वि.), 3- बुगाती (प्र.), अर्डाकान (द्वि.), 4- श्योररियलिस्ट (प्र.), मिनिस्ट्री ऑफ टाईम (द्वि.), 5- गूमाह (प्र.), लियाम (द्वि.), एमाडेव (प्र.), ऑक्सलॉर्ड (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः एज्रिनाज।

# 'ब्लैक वारंट' के लिए हॉलीवुड सीरीज बनी प्रेरणा

फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी की आगामी सीरीज 'ब्लैक वारंट' जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज से कपूर खानदान से ताल्लुक रखने वाले जहान कपूर डेब्यू कर रहे हैं। हाल ही में निर्माता विक्रमादित्य ने बताया कि शो में तिहाड़ जेल की दीवारों के भीतर मौजूद दुनिया को दिखाने के लिए उन्होंने 'फ्लाई ऑन द वॉल' तकनीक का इस्तेमाल किया है। यह शो तिहाड़ के पूर्व अधीक्षक सुनील गुप्ता और पत्रकार सुनेत्रा चौधरी की किताब 'ब्लैक वारंटः कन्फेशंस ऑफ ए तिहाड़ जेलर' पर आधारित है।

विक्रमादित्य मोटवानी ने इसे बनाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने क्रू को लगातार कहा कि आप 'फ्लाई ऑन द वॉल' (यह अंग्रेजी का एक मुहावरा है, जिसका मतलब होता है बिना किसी की नजर में आए चीजों को देखना) हैं। आप किसी के कमरे में झांक रहे हैं और ऐसा महसूस कर रहे हैं कि आप स्क्रीन पर जो कुछ भी हो रहा है, उसका आनंद ले रहे हैं। यह पूरे समय मुख्य मंत्र रहा है।'



### इतिहास के छात्र रहे हैं विक्रमादित्य

विक्रमादित्य मोटवानी ने 'सेक्रेड गेम्स' जैसी सीरीज का निर्माण किया है। निर्माता ने कहा, 'मैं समकालीन इतिहास का छात्र और प्रेमी हूं और मुझे इस पर रोचक, मनोरंजक और आकर्षक तरीके से प्रकाश डालना पसंद है। हर चीज के प्रति मेरा यही दृष्टिकोण है। मुझे फिल्म निर्माण पसंद है और मैं हर बार कुछ नया करने की चुनौती के लिए तैयार रहता हूं।'

# वरुण धवन की 'बेबी जॉन' का हाल-बेहाल



वरुण धवन पिछले काफी समय से अपनी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्हें लग रहा था कि उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई कर लेगी, लेकिन पहले ही दिन फिल्म का बंटाधार हो गया। फिल्म क्रिसमय और नए साल के खास मौके पर भी दर्शकों के लिए तरसती रही। आलम यह है कि 10 दिन में इसका हाल-बेहाल हो चुका है। उधर 'पुष्पा 2' का भौकाल 30वें दिन भी सिनेमाघरों में जारी है।

**'बेबी जॉन' ने 10वें दिन कमाए इतने लाख रुपये**

'बेबी जॉन' ने रिलीज के 10वें दिन 45 लाख रुपये कमाए हैं। इसी के साथ 'बेबी जॉन' का 10 दिनों का कुल कारोबार अब 36.85 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी हालत में है। रिलीज के 10वें दिन ही यह लाखों में सिमट गई है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन इतना खराब है कि यह सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।

# उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस

हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ है। नए गाने में फिल्म के लीड एक्टर नंदमुरी बालाकृष्णा के साथ उर्वशी रौतेला डांस करती नजर आई हैं। हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स और फैंस इस गाने को अश्लील और घटिया कह रहे हैं।



उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से गाना रिलीज होने की अनाउंसमेंट की थी। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, ये रहा इलेक्ट्रिफाइंग दबिड़ी दिबिड़ी का पूरा गाना हमारी मेगा पीरियड ड्रामा फिल्म डाकू महाराज से। मासेस ऑफ गॉड म्यूजिक थामन और नंदमुरी मालाकृष्णा की तरफ से ये एक परफेक्ट न्यू ईयर गिफ्ट है। एनर्जी एंजॉय कर सेलिब्रेट करें। फिल्म 12 जनवरी 2025 को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। गाना रिलीज होते ही कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए हैं। एक यूजर ने भड़ककर लिखा, बीते कुछ समय में देखी गई सबसे घटिया कोरियोग्राफी। दूसरे यूजर ने लिखा, कितनी बुरी कोरियोग्राफी है। वहीं एक ने लिखा, कितना बेकार स्टेप है और कोरियोग्राफी बहुत घटिया है।

# गोविंदा की पत्नी सुनीता ने नेपोटिज्म पर साधा निशाना

गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपने बेबाक बयानों के लिए बॉलीवुड में जानी-जाती हैं। हालिया दिए गए एक इंटरव्यू में सुनीता ने बॉलीवुड में मौजूद नेपोटिज्म को लेकर बात की। गोविंदा की पत्नी सुनीता का कहना है कि चंद स्टार किड्स को ही बॉलीवुड में काम मिलता है।



सुनीता आहूजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि बॉलीवुड से ज्यादा बेहतर काम साउथ में हो रहा है। जबकि बॉलीवुड में सिर्फ ग्रुप बने हुए हैं, अच्छा काम नहीं हो रहा है। इसलिए वह इंडस्ट्री वालों को कहती हैं, 'आप लोग मौका तो दो काम करने का, यह नेपोटिज्म बंद करो। दूसरे लोगों को भी काम करने का मौका देना चाहिए।'

इंटरव्यू में आगे गोविंदा की पत्नी सुनीता ने बताया कि बॉलीवुड में कुछ खास ग्रुप बने होते हैं। अगर कोई इस ग्रुप का हिस्सा है तो ही बॉलीवुड में काम मिलता है वरना आपको अनदेखा कर दिया जाता है। सुनीता का कहना है कि दर्शक कब तक कुछ चुनिंदा स्टार किड्स को देखते रहेंगे, नए चेहरों को भी मौका मिलना चाहिए।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली वक्फ बोर्ड के CEO बने IAS अजीमुल हक

**नई दिल्ली।** आईएएस अधिकारी अजीमुल हक को दिल्ली वक्फ बोर्ड का CEO नियुक्त किया गया है। दिल्ली LG वीके सक्सेना ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए। हक वर्तमान में दिल्ली जल बोर्ड के मेंबर (एडमिनिस्ट्रेशन) के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्हें वक्फ बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सूरत एयरपोर्ट पर CISF जवान ने सर्विस गन से अपने पेट में गोली मारी

**सूरत।** सूरत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्यूटी पर तैनात CISF जवान ने अपनी सर्विस गन से पेट में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक किशन सिंह नाम का जवान ने दोपहर 2.10 बजे एयरपोर्ट के बाथरूम में जाकर खुद को गोली मारी। जहां से उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन इलाज के पहले ही उनकी मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### एयर इंडिया को अव्वल दर्जे की एयरलाइन बनाएंगे : चंद्रशेखरन

**चेन्नई।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को कहा कि उनकी कंपनी एयर इंडिया को वैश्विक स्तर पर अव्वल दर्जे की एयरलाइन बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चंद्रशेखरन से एक कार्यक्रम में पूछा गया कि 2022 में टाटा समूह के अधिग्रहण के बाद लोग एयर इंडिया से क्या उम्मीद कर सकते हैं।

### संबलपुर में गोल्ड लोन कंपनी से सोना लूटा

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर शहर में एक गोल्ड लोन कंपनी की शाखा से करीब 30 किलो सोना लूट लिया गया। लूट की यह घटना शुक्रवार सुबह बुधराजा मेन रोड पर मणप्पुरम फाइनेंस की शाखा में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोने के अलावा लुटेरे 4 लाख रुपये से अधिक नकदी भी लूट ले गए। लुटेरों का गिरोह शाखा खुलते ही अंदर घुस गया। तीन कर्मचारियों को बंदूक के बल पर बंधक बना लिया गया, जबकि शाखा प्रबंधक के हाथ-पैर बांध दिए।

### रिजिजू ने अजमेर दरगाह पर चढ़ाई पीएम मोदी की चादर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से चादर लेकर अजमेर शरीफ दरगाह पहुंचे हैं। पूरी दुनिया में भाईचारे इंसानियत और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए विख्यात राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई। यहां सर्किट हाउस में अजमेर के भाजपा नेताओं की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। अजमेर की दरगाह में भी दरगाह कमेटी और खादिमों की संस्थाएं अंजुमन की ओर से भी प्रधानमंत्री की भेजी चादर का स्वागत किए जाने का एक दिन पूर्व ही पदाधिकारियों ने एलान किया था। उधर, राष्ट्रीय हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने को लेकर सिविल न्यायालय में दायर वाद पर विवाद कायम बना हुआ है।

---

**पत्रकार हत्याकांड**

# तीन आरोपी गिरफ्तार एसआईटी गठित

**मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर हुआ फरार**

## ■ शुक्रवार को सुरेश के अहाते में मिला था पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव



**एजेंसी । रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर फरार है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि मुख्य आरोपी कांग्रेस नेता व पार्टी पदाधिकारी है। पुलिस के अनुसार, स्वतंत्र पत्रकार 33 वर्षीय मुकेश चंद्राकर एक जनवरी को लापता हो गए थे। उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने अगले दिन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को उनका शव बीजापुर शहर के चट्टनपारा बस्ती में सिविल ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के अहाते में सेप्टिक टैंक में मिला।

### यूट्यूब चैनल भी चलाते थे मुकेश चंद्राकर

पुलिस ने बताया कि मुकेश चंद्राकर कई चैनलों के लिए स्वतंत्र पत्रकार के रूप में काम करते थे और एक यूट्यूब चैनल 'बस्तर जंक्शन' भी चलाते थे। उन्होंने अप्रैल 2021 में बीजापुर में तकालगुडा नक्सली हमले के बाद माओवादियों की कैद से कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास की रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे।

### आरोपी के तीन बैंक होल्ड किए गए

उपमुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि सुरेश चंद्राकर फरार है, जबकि उनके रिश्तेदार रितेश चंद्राकर और दिनेश चंद्राकर को सुपरवाइजर महेंद्र रामटेक के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में सुरेश चंद्राकर मुख्य आरोपी है। वह बीजापुर में कांग्रेस नेता और पार्टी का पदाधिकारी है। उसे पकड़ने के लिए चार पुलिस टीमें बनाई गई हैं। उसके और अन्य आरोपियों के बैंक खाते फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हमने सुरेश चंद्राकर के तीन खातों को होल्ड कर दिया है।

### कंस्ट्रक्शन साइट पर चला बुल्डोजर

विजय शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने आरोपी की अवैध संपत्तियों और अतिक्रमणों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। ठेकेदार सुरेश चंद्राकर द्वारा बीजापुर-गंगालूर रोड के किनारे वन भूमि पर कब्जा कर बनाए गए निर्माण सामग्री यार्ड को ढहा दिया गया है। मुकेश चंद्राकर की प्रशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में अपनी रिपोर्टिंग के लिए जाने जाते थे और स्थानीय मुद्दों की उन्हें गहरी समझ थी। मुकेश चंद्राकर बस्तर में शांति स्थापित करने और नक्सलवाद से निपटने के प्रयासों पर रिपोर्टिंग कर रहे थे।

### 11 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

उपमुख्यमंत्री ने बताया, उनकी हत्या बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने के प्रयासों में एक बड़ी बाधा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने उनकी हत्या की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। पुलिस 3-4 सप्ताह में आरोप पत्र दाखिल करेगी और हम अदालत से त्वरित सुनवाई का अनुरोध करेंगे। डिप्टी सीएम ने दावा किया कि 25 दिसंबर को बीजापुर में सड़क निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली एक समाचार रिपोर्ट को मुकेश चंद्राकर की हत्या के पीछे का मकसद बताया जा रहा है। खोजी रिपोर्ट के बाद पीडब्ल्यूडी जांच शुरू की गई थी। सुरेश चंद्राकर उस निर्माण कार्य में शामिल बताए जा रहे हैं, जिसमें हाल ही में मुकेश चंद्राकर ने अनियमितताओं को उजागर किया था।

### मोबाइल से ट्रैस हुई लोकेशन

मुकेश के मोबाइल फोन को ट्रैक करने के बाद सुरेश चंद्राकर के स्वामित्व वाले परिसर स्थित सेप्टिक टैंक में उसका शव मिला। पुलिस के अनुसार, सेप्टिक टैंक को हाल ही में कंक्रीट स्लैब से ढाला गया था। प्रेस एसोसिएशन और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने शनिवार को मुकेश चंद्राकर की हत्या की निंदा की और मांग की कि राज्य सरकार मामले की गहन जांच करे। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया और इंडियन वूमेन प्रेस कॉर्प्स ने एक अलग बयान में अपराधियों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई की मांग की।

---

# हवा की सुस्त रफ्तार से फिर दमघोटू हुई दिल्ली की हवा



## 13 इलाकों में AQI 400 पार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हवा की रफ्तार सुस्त होने से दिल्ली में प्रदूषण की मुसीबत और बढ़ गई है। शनिवार को दिल्ली के 13 स्थानों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहेगा। दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत नहीं मिल रही है।

### ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का स्तर 350 से ऊपर

दिसंबर के महीने में नियमित अंतराल पर आए पश्चिमी विक्षोभों की वजह से बीच-बीच में हवा की गति बढ़ती रही और महीने के अंतिम सप्ताह में अच्छी बरसात भी हुई। इसका असर प्रदूषण के स्तर पर भी देखने को मिला, लेकिन नए साल के पहले सप्ताह में अभी तक दिल्ली को इस तरह की कोई राहत नहीं मिली है। ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का स्तर 350 से ऊपर है।

### दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 378 अंक पर

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 378 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले शुक्रवार को यह सूचकांक 371 के अंक पर रहा था। यानी 24 घंटों में प्रदूषण के स्तर में सात अंकों का इजाफा हुआ है। वहीं, दिल्ली के लिए ज्यादा चिंता की बात यह है कि शनिवार शाम चार बजे दिल्ली के 13 इलाकों का सूचकांक 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में रहा। इसमें आनंद विहार, अशोक विहार, पटपड़गंज, ओखला और नेहरू नगर जैसे घनी रिहायश वाले इलाके शामिल हैं। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता सूचकांक इसी के आसपास रहने की संभावना है।

---

# दिल्ली वालों के लिए गुड न्यूज

## सस्ता घर योजना के लिए कैंप लगाने के निर्देश



**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि डीडीए द्वारा अनुमोदित सस्ता घर योजना के लिए शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि डीडीए की ओर से लाभार्थियों के लिए इस तरह के शिविर लगाए जा रहे हैं। उप राज्यपाल ने कहा कि निर्माण और अन्य श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, ऑटो-टैक्सी चालक, महिलाएं, वीर नारी, पूर्व सैनिक, दिव्यांगजन, वीरता और अर्जुन पुरस्कार विजेता और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति को मकान पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उप राज्यपाल सचिवालय की ओर से लिखे पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव संबंधित विभागों द्वारा विशेष शिविर का आयोजन करने के लिए निर्देश दें। जबकि, डीडीए प्रत्येक शिविर स्थल पर संबंधित विभाग और डीडीए द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के साथ योजनाओं और प्रपत्रों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

# कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी पर जामनगर में केस दर्ज

**एजेंसी । जामनगर**

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात के जामनगर में एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक वीडियो पोस्ट करने के लिए केस दर्ज किया गया है। इस वीडियो में एक गाना चल रहा है, जिसे भड़काऊ और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है, जो धर्म, जाति आदि के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी बढ़ाने से जुड़ा है।



वहीं स्थानीय कांग्रेस नेता अल्ताफ खाफी और इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले एक ट्रस्ट 'संजरी एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट' पर भी मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के तीन दिन बाद 2 जनवरी को सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में इमरान प्रतापगढ़ी को फूलों की बारिश के बीच लोगों का अभिवादन करते दिखाया गया है। लेकिन वीडियो के बैकग्राउंड में चल रहे गाने के बोल को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और हिंसा भड़काने वाला बताया गया है।

**अतुल सुभाष सुसाइड मामला**

# पत्नी, सास और साले को बेंगलुरु कोर्ट से मिली जमानत



**एजेंसी । बेंगलुरु**

बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में उसकी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और साले अनुराग सिंघानिया को शनिवार को बेंगलुरु की सिटी सिविल कोर्ट ने जमानत दे दी। तीनों को प्रयागराज और गुरुग्राम से गिरफ्तार से किया गया था। 9 दिसंबर को AI इंजीनियर अतुल सुभाष ने बेंगुलरु में अपने फ्लैट में सुसाइड नोट और वीडियो बनाकर जान दे दी थी। इसके बाद अतुल के परिवार ने पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए थे।

---

# फेक ID बनाकर 700 महिलाओं से एक्सटॉर्शन

## बातों में फंसाया, बंबल-स्नैपचैट पर प्राइवेट तस्वीरें मांगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में 700 महिलाओं से ऑनलाइन एक्टॉर्शन का मामला सामने आया है। डेटिंग ऐप के जरिए महिलाओं को फंसाकर उनकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देने वाले एक शख्स को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसका नाम तुषार सिंह बिष्ट है और वह नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में टेक्निकल रिक्रूटर है।



### वायरल करने की धमकी दी

पुलिस ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले 23 साल के तुषार ने बंबल, वॉट्सऐप और स्नैपचेट पर वर्चुअल इंटरनेशनल मोबाइल नंबर फीड करके फर्जी प्रोफाइल बनाई। उसने खुद को अमेरिका का फ्रीलांस मॉडल बताया। प्रोफाइल बनाने के लिए ब्राजील के एक मॉडल की तस्वीरें लगाईं। इसके बाद उसने बंबल पर 500 और वॉट्सऐप-स्नैपचेट पर करीब 200 महिलाओं से बातें करके दोस्ती की। जैसे ही महिलाओं को तुषार पर भरोसा हुआ, उसने महिलाओं से प्राइवेट फोटोज मांगी। जब महिलाओं ने उसे मिलने बुलाया तो उसने तस्वीरों को वायरल करने और डार्क वेब पर बेचने की धमकी दी।

### DU स्टूडेंट ने साइबर पुलिस में शिकायत की, तब पर्दाफाश हुआ

दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज की सेकेंड ईयर स्टूडेंट का जनवरी 2024 में तुषार से बंबल पर मैच हुआ था। तुषार ने धीरे-धीरे स्टूडेंट से दोस्ती की। फिर दोनों ने एक-दूसरे से प्राइवेट तस्वीरें शेयर कीं। स्टूडेंट ने तुषार को अमेरिकी मॉडल समझा था। उसने मैसेज करके तुषार को मिलने बुलाया। तुषार मिलने से कतरा रहा था। तुषार ने तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी और पैसे मांगे। शुरूआत में स्टूडेंट ने कुछ पैसे दिए। तुषार तब भी नहीं माना। उसने और पैसे मांगे। तंग आकर स्टूडेंट ने 13 दिसंबर 2024 को साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत की।

# जम्मू-कश्मीर में सेना का ट्रक खाई में गिरा

- 4 जवानों की मौत, 2 गंभीर
- 10 दिन पहले भी हादसे में 5 जवानों की मौत हुई थी



**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई। 2 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक में 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। यहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। घटना पर सेना ने बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी। इस कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। बांदीपोरा हादसे पर एलजी मनोज सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए बहुत आभारी है।

---

# अंतरिक्ष में भेजा गया लोबिया 4 दिन में अंकुरित

## ISRO ने तस्वीर जारी की, जल्द आएंगी पत्तियां

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से SpaDeX यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत PSLV-C60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डेप्लॉय किया गया। इसके साथ भेजे गए POEM-4 (PSLV ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल) पर CROPS (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट



स्टडीज) ने अंतरिक्ष में पहली बार जीवन अंकुरित करने में सफलता पाई है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) में डिजाइन किए गए CROPS ने महज 4 दिनों में लोबिया के बीज को माइक्रोग्रैविटी के जरिए अंकुरित किया। जल्द ही इसमें पत्तियां आने की उम्मीद है।

### एक्सपेरिमेंट के लिए लोबिया को ही क्यों चुना ?

प्रयोग के लिए लोबिया (काउपी) के बीजों को चुना गया क्योंकि यह तेजी से अंकुरित होते हैं। इनमें सहनशीलता भी बेहद ज्यादा होती है। यह पोषण महत्व वाला पौधा है। इस प्रयोग को अंतरिक्ष में भोजन उगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो भविष्य में चंद्रमा, मंगल या अन्य ग्रहों पर इंसान की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करेगा।

# गोलगप्पे बेचने वाले को जीएसटी विभाग ने भेजा नोटिस



**एजेंसी । नई दिल्ली**

तमिलनाडु के एक पानीपुरी विक्रेता की सैलरी ने सबको हैरान कर दिया। खासकर इस मामले ने तूल तब पकड़ा जब पानीपुरी विक्रेता को वस्तु एवं सेवा कर (GST) नोटिस भेजा गया है। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। 17 दिसंबर, 2024 को जारी एक समन का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसे तमिलनाडु माल एवं सेवा कर अधिनियम और केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 70 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया था। इसमें गोलगप्पे बेचने वाले को निजी रूप से उपस्थित होने और डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कहा गया है।

### समन में क्या कहा गया?

रिपोर्ट में दिखाए गए समन में पानी पूरी बेचने वाले को कहा गया है, 'रेजरपे और फोनपे से मिली रिपोर्टों के आधार पर, आपको गुड्स या सर्विसेज की बाहरी सप्लाई के लिए यूपीआई पेमेंट हासिल हुए हैं और साल 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए मिले पेमेंट नीचे दिए गए हैं। इसमें 2023-24 में आपको 40 लाख रुपये मिले हुए दिखाए गए हैं।

# सिक्किम में लाचुंग नदी पर बेली ब्रिज ढहा

**एजेंसी । गंगटोक**

सिक्किम में 25 साल पुराना बेली ब्रिज शनिवार को ढह गया। घटना के वक्त एक ओवरलोड ट्रक उसे पार कर रहा था। लाचुंग चू नदी पर 200 फुट लंबा यह पुल लाचुंग-काटाओ मार्ग पर था। उत्तर सिक्किम जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। क्योंकि पुल नदी में नहीं गिरा और ट्रक चालक को सुरक्षित बचा लिया गया। कि वाहनों को वैकल्पिक पुल से भेजा जा रहा है। इसका इस्तेमाल पर्यटक और स्थानीय लोग तब तक कर सकते हैं, जब तक कि पुल की



मरम्मत नहीं हो जाती।

बताया कि पुल पर जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने से पहले सीमा सड़क संगठन और भारतीय सेना सहित सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों से परामर्श किया जाएगा। पर्यटकों को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वैकल्पिक मार्ग चालू है। क्षेत्र के लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुले हैं और पर्यटन विभाग द्वारा पास जारी किए जा रहे हैं।